CMYK

तापमान
अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 28°C

सेंसेक्स 82,391.72
निफ्टी 25,104.25

सोना 99,070
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 11 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 69 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# कारगिल: कैप्टन थापर सहित 65 शूरवीरों को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस की दी जा रही जानकारी

**नई दिल्ली।** सेना ने 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत इस लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को सम्मानित करने की कड़ी में मंगलवार को कैप्टन विजयंत थापर (वीर चक्र) सहित 65 शूरवीरों के परिजनों को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

सेना ने बताया है कि कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के घर-घर जाकर वीर सैनिकों के परिजनों तथा देशवासियों को भारत मां के इन वीर सपूतों के अदम्य साहस और उनके शौर्य की पराकाष्ठा के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही सेना सभी वीर सेनानियों के घर जाकर सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित कर रही है। सेना के अधिकारियों का एक दल कैप्टन थापर के नोएडा स्थित आवास पर पहुंचा और उनके माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें आभार पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेना के अधिकारी इसके अलावा यहां राजधानी दिल्ली में वीर चक्र से सम्मानित राइफलमैन अनसुया प्रसाद की पत्नी, जयपुर में हवलदार बस्ती राम की पत्नी, कुरूक्षेत्र में लांस नायक गुरमेल सिंह के माता-पिता, राजस्थान के वैशाली नगर में नायक आनंद सिंह की पत्नी और देहरादून में सेना पदक से सम्मानित हवलदार हरिओम के परिजनों सहित 60 से अधिक योद्धाओं के परिजनों से मिले और उन्हें सम्मानित किया।



# दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दमकल की आठ गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है।

आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था। दरअसल, यह मामला बरेली में 1934 में शुरू हुआ, जिसमें नवाब मोहम्मद हुसैन खां ने अपनी कोठी और वहां स्थित इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड की थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी बेटी ने वक्फ डीड को चुनौती देकर सिविल जज बरेली की अदालत में दीवानी दावा दाखिल किया। जहां, 1952 में इस वक्फ डीड को शून्य घोषित किया गया।

## सरकार ने नेवार्क हवाई अड्डे पर पकड़े गए भारतीय नागरिक की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिए जाने की सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को संज्ञान में ले कर सरकार ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी है। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि एक सोशल मीडिया पोस्ट का संदर्भ का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया था। इस पर विदेश मंत्रालय ने औपचारिक रूप से इस मामले को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के समक्ष उठाया है। वाशिंगटन में हमारा दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास भी विवरण का पता लगाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं।

## योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण 50 हजार के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सेदारी के लिए देश भर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि 21 जून सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक योग अभ्यास में भाग लेने के लिए 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 11 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान सबसे आगे निकल गया है। तेलंगाना में सात हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जबकि मध्य प्रदेश में करीब पांच हजार पंजीकरण हुए हैं।

## विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुन: चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं - स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

**संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं, भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी**



## आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

## देश में कोरोना मामलों की संख्या सात हजार के करीब

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह तक 6815 पहुंच गई और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 68 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मंगलवार सुबह आठ बजे तक 324 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,815 हो गई और इस बीमारी के संक्रमण से 7644 मरीज स्वस्थ हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से तीन और मरीजों की जान जाने से मृतकों की संख्या 68 हो गई है। इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी, केरल और झारखंड से एक-एक मरीज की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश में 30 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है।

# 11 साल से रक्षा में बढ़ा आत्मनिर्भरता का ग्राफ: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है।

## राजघाट पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्रदर्शनी आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में राजघाट पर 11 से 15 जून तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें सशक्तिकरण, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के साथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजघाट पर गांधी दर्शन के बिरसा मुंडा लॉन में 'लोक संवर्धन पर्व' नाम से इस कार्यक्रम की परिकल्पना समावेशी विकास के उत्सव के रूप में की गई है।

# खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह संवैधानिक व्यवस्था है इसलिए इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि संविधान में लोकसभा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है, लेकिन मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है इस संवैधानिक व्यवस्था को नकारा जा रहा है। उनका कहना था कि पिछली दो लोकसभाओं में इस पद को खाली रखा गया है और फिर वही प्रयास किया जा रहा है, जो गलत है इसलिए सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लिखा कि पहली से 16वीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष होता रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति करना एक सुस्थापित परंपरा रही है। हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा 18वीं लोकसभा में भी जारी है।

## मोदी से मिली दिल्ली की मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यहां पीएम मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात का फोटो साझा किया है और लिखा है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। श्रीमती गुप्ता की प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन सूत्रों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

# डिजिटल नाकाबंदी: मणिपुर में ठप हुआ सामान्य कामकाज

इंफाल, वार्ता

■ ऑनलाइन सेवाएं ठप, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी

**मणिपुर में** बार-बार इंटरनेट बंद होने से सरकारी, निजी और व्यापारिक संस्थानों का कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में सात जून को एक स्थानीय संगठन के नेता की गिरफ्तारी के बाद इंटरनेट बंद कर दिया गया।

इसके बाद, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू और अरम्बाई टेंगोल की ओर से 10 दिन तक इंटरनेट बंद करने की घोषणा की गई। इससे सभी ऑनलाइन सेवाएं ठप हो गई हैं। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन लोग ऑनलाइन रिचार्ज नहीं कर पा रहे। मणिपुर में अधिकतर घरों और दफ्तरों में प्रीपेड बिजली कनेक्शन हैं, जो रिचार्ज खत्म होते ही कट जाते हैं। इम्फाल के केशमपट में मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसपीडीसीएल) का एकमात्र रिचार्ज काउंटर है। इंटरनेट बंद होने से ऑनलाइन रिचार्ज संभव नहीं है। इसके अलावा, बैंकों में जरूरत के मुताबिक नकदी नहीं मिल रही, सिर्फ 500 रुपये के नोट मिल रहे हैं। एटीएम भी ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे बाजार में नकदी की भारी कमी हो गई है। एमएसपीडीसीएल के प्रीपेड बिजली रिचार्ज काउंटर पर लंबी कतारें लगी हैं। यहां के एक उपभोक्ता ने बताया कि काउंटर तक पहुंचने में दो घंटे लग रहे हैं।

# यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

■ अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान लू और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही। गर्मी और लू के चलते राज्य के अधिकतर इलाकों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है, जिससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

बेंगलुरु, वार्ता

■ कर्नाटक हाईकोर्ट ने 11 जून तक फैसला सुरक्षित रखा

**बेंगलुरु भगदड़** मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है। वहीं, इससे पहले बेंगलुरु भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बड़ी जानकारी आई थी। जानकारी के मुताबिक, ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरसीबी के आईपीएल ट्राफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी बेंगलुरु भगदड़ मामले में फंसते दिखाई पड़े। सामाजिक कार्यकर्ता एचएम वेंकटेश ने कोहली को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था, जिसके बाद बेंगलुरु में जश्न मनाने का फैसला किया गया था। बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने मुआवजे की राशि को बढ़ाने का ऐलान किया था। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपया मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की। पहले यह रकम 10 लाख थी।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछे नौ सवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु भगदड़ मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में हुई गिरफ्तारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से नौ सवाल पूछे हैं।

अदालत ने जवाबदेही पर जोर दिया और घटना तथा उसके बाद की स्थिति से निपटने में सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। मालूम हो कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद आरसीबी के जीत के जश्न में भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हुए थे। सरकार की कार्रवाई का ब्यौरा मांगते हुए हाईकोर्ट ने कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता (एजी) से स्पष्टीकरण के लिए कई तीखे सवाल पूछे। अदालत को बताया गया कि भगदड़ की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। हालांकि, बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने गिरफ्तारियां की हैं और कब्बन पार्क पुलिस द्वारा आरोपियों को पेश किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य से नौ प्रमुख प्रश्न पूछे कहा कि विजय उत्सव मनाने का निर्णय कब और किसने लिया तथा इसे किस तरीके से आयोजित करना था, यातायात को विनियमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, प्रशंसक/भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, आयोजन स्थल पर क्या चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, क्या समारोह के समय उपस्थित होने वाले लोगों की संख्या के बारे में पहले से कोई आकलन किया गया था, क्या घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दी गई? यदि नहीं, तो क्यों, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा, क्या किसी खेल आयोजन या इस प्रकार के उत्सव में 50000 या उससे अधिक की भीड़ के प्रबंधन के लिए कोई एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार की गई थी, क्या कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई अनुमति ली गई थी?। राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है तथा उम्मीद है कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगा।

## सीतारमण ने FSDC की बैठक में की अर्थव्यवस्था की समीक्षा

**मुंबई।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर बैठक का फोटो जारी करते हुए कहा कि श्रीमती सीतारमण की अध्यक्षता में एफएसडीसी की इस 29वीं बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा, सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे, वित्त सचिव एवं आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज और सर जे जे अस्पताल में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा प्राथमिक जांच से पता चला है कि छात्र अवसाद में था। पुलिस के अनुसार रोहन रामफेर प्रजापति (22) ने रविवार रात सर जे जे अस्पताल परिसर में अपने छात्रावास के कमरे के छत पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। घटना का पता तब चला जब उसका रूममेट रितेश विश्वकर्मा उसी दिन रात 10-50 बजे छात्रावास के कमरे में आया। उन्होंने बताया कि प्रजापति को अस्पताल के आपातकालीन खंड में ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रजापति का शव उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### बस्ती में हाईटेंशन तार से चिपककर सगे भाइयों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाईयों ी मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी विश्वबल्लभ यादव (23) और शशि भूषण (25) सगे भाई है। मंगलवार को किसी काम के लिए दोनो एक लोहे की सीढ़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में सीढ़ी हाईटेंशन तार में स्पर्श हो गई और दोनो गंभीर रुप से झुलस कर अचेत हो गए। दोनो को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 फिट पर लटक रहे हाईटेंशन तार को ऊपर करने के लिये कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया गया लेकिन बिजली विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया।

### आरक्षण पर जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने मसौदा तैयार किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित जम्मू-कश्मीर कैबिनेट उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट उप-समिति की प्रमुख जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इटू ने दी है।

### फारूक अब्दुल्ला वंदे भारत में सवार हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया। गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बना रहे: कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और अपमानित करने की घटना ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है। पहली बार किसी अमे. रिकी राष्ट्राध्यक्ष ने वॉशिंगटन डीसी में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर दबाव बनाए रखने का श्रेय ले रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी युद्ध विराम या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं। भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। हम मांग करते हैं कि मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करें और भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अमेरिका में भारतीय छात्रों में व्याप्त भय के मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करें।

# छह राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 47.3 डिग्री पारे के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म, असम में अब भी 1.63 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान सोमवार को 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री पार के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी रही। दिल्ली में आज भी तापमान 45 डिग्री पार के पास जा सकता है। राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन राज्य के 1.63 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कोई भी नदी खतरे के निशान के ऊपर नहीं बह रही है। पिछले 6 साल की तुलना में इस साल आंध्र प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहले आया, लेकिन यह भरपूर नहीं रहा। जून के पहले नौ दिनों में 59प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून की अपनी सामान्य तारीख से 9 दिन पहले 26 मई को आंध्र प्रदेश पहुंचा था।

इन दिनों में राज्य में 24.4 एमएम की सामान्य औसत बारिश के मुकाबले केवल 10.1 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे राज्य में चार जिलों- कोनासीमा, बापटला, पूर्वी गोदाव. री और कृष्णा के अलावा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के खास इलाके में पहले 9 दिनों में बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके, यनम मंडल के दो जिले अनकापल्ली-विजयनगरम में सामान्य वर्षा हुई। श्रीकाकुलम में ज्यादा बारिश हुई। एलुरु में 80प्रतिशत, गुंटूर 95 प्रतिशत, काकीनाड़ा 66 प्रतिशत, एनटीआर 81प्रतिशत, एसपीएसआर नेल्लोर 64 प्रतिशत और पश्चिम गोदावरी जिलों में 96 प्रतिशत कम बारिश हुई।

## सीएम योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए पूछा सवाल

# विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ क्यों नहीं बोली

**बहराइच, वार्ता**



■ सुहेलदेव समेत सभी महापुरुषों का सम्मान क्यों नहीं किया गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के कारण समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे। कांग्रेस, सपा व अन्य दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा कांग्रेस के लोगों ने क्या किया।

महाराजा सुहेलदेव समेत अन्य महापुरुषों को पहले क्यों सम्मान नहीं मिल पाया। इनके नाम पर भव्य स्मारक, मेडिकल कॉलेज, विश्व. विद्यालय पहले क्यों नहीं बना, क्योंकि उन्हें वोटबैंक की चिंता थी। महापुरुषों का नाम रखने पर तुष्टिकरण की नीति फेल न हो जाए। जब भाजपा देश-प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम पर सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा केवड़िया गुजरात में स्थापित कराई, तब सपा राष्ट्रतोड़क जिन्ना का गुणगान कर रही थी। जब हम लोग महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव को मनाने की बात करते थे, तब सपा व कांग्रेस में होड़ लगती थी कि गाजी मियां का विवाह होना चाहिए। हमने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होने 40 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। उन्होने यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण भी किया। गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को इस बार से पूरी तरह से बंद कराने वालों को सीएम ने धन्यवाद दिया। उन्होने जयंती पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देने की मिसाल प्रस्तुत की थी, लेकिन इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। पीएम मोदी के विकास व विरासत के अभियान को बढ़ाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने उन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया था।

### बदायूं, बिजनौर समेत चार जिलों के धार्मिक स्थलों की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

### खुद को तपाकर मोदी ने भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है।

# यूपी में जल्द आएंगे नए ईएसआई अस्पताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मेरठ, शाहजहांपुर व बरेली में चल रहा तेजी से निर्माण कार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निष्शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है। उन्होने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2991 कंपनियों के शेयरों में से 1609 में तेजी जबकि 1302 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 199 अंक की तेजी के साथ 82,643. 73 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 82,240.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,445.21 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उतरकर 82,391.72 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी25,199.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,103.20 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान संसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.27, बजाज फाइनेंस 1.16, टाटा स्टील 0. 99, बजाज फिनसर्व 0.92, आईसीआईसीआई बैंक 0.84, मारुति 0.82, रिलायंस 0.69, महिंद्रा एंड मलहद्रा 0.65, एचडीएफसी बैंक 0. 64, भारती एयरटेल 0.62, इटरनल 0.45, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.29 और टाइटन 0.28 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 2.27, टाटा मोटर्स 2.01, इंफोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.18, इंडसइंड बैंक 1.17, टीसीएस 1.16, अल्ट्रासिम्को 1.16, आईटीसी 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, नेस्ले इंडिया 0.78, एनटीपीसी 0.64, अदानी पोर्ट्स 0.51, कोटक बैंक 0.42, पावरग्रिड 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे।

### यूपी को निवेश का हब बनाने के लिए जुटेंगे निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ में एक दिवसीय ' वैश्विक क्षमता केंद्र कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रमुख अमित वर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जो उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे।

# खाद्य तेल चढ़ा, अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे दालों में भी रहा टिकाव

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 182 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 13765 रुपये और वनस्पति तेल 14798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहग. ीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

### निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यमुना व नालों पर होगी निगरानी: मंत्री प्रवेश

■ **राजधानी को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सरकार तैयारियों में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज शास्त्री नगर स्थित सिंचाई एवं बाढ़ कंट्रोल विभाग के अत्याधुनिक कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और आगामी मानसून को लेकर तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर नालों की सफाई, यमुना के जलस्तर की निगरानी और बाढ़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजधानी को जलभराव से निजात दिलाने के लिए सरकार पूरी संजीदगी के साथ जुटी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह हमारा पसिंचाई एवं बाढ़ कंट्रोल विभाग कंट्रोल रूम है, जो दिल्ली के ७७ बड़े नालों और यमुना नदी के जलस्तर की २४ घंटे निगरानी करता है। यहां से लगातार यह देखा जाता है कि बारिश के दौरान जलप्रवाह कितना है, अपस्ट्रीम से कितना पानी छोड़ा जा रहा है और उसका नीचे की तरफ क्या असर पड़ेगा। जब जलस्तर बढ़ता है, तो यहीं से तय किया जाता है कि चेतावनी कब जारी होनी है और किन इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला जाना है।

15 जून से मानसून शुरू होते ही, पुलिस, एसडीएम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी यहीं से समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि कोई चूक न हो। आज मैं इसी व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेने आया था।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली के ७६ बड़े नालों में से ९०% की सफाई पूरी हो चुकी है, जबकि शेष कार्य अंतिम चरण में है। आधुनिक मशीनरी, जीपीएस ट्रैकिंग और ग्राउंड रिपोर्टिंग के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी नाले में रुकावट न बने और जलभराव की आशंका खत्म हो। मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रत्येक नाले की सफाई की प्रगति की रिपोर्ट कंट्रोल रूम में प्रतिदिन अपडेट होनी चाहिए।

उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे निगरानी सिस्टम, अलर्ट तकनीक और समन्वय प्रणाली का भी गहन निरीक्षण किया।मंत्री ने आगे कहा कि "हमारा लक्ष्य सिर्फ बारिश का सामना करना नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों को भरोसा देना है कि अब हर साल की तरह परेशानी नहीं होगी। हमने तैयारी कागजों पर नहीं, जमीन पर की है। इस बार जनता को स्पष्ट फर्क नजर आएगा। यह सिर्फ वादा नहीं, हमारा संकल्प है।" विभाग द्वारा कंट्रोल रूम को २४ घंटे सक्रिय रखने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही रियल टाइम मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म और अलर्ट सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय किया जा चुका है, ताकि बारिश के दौरान किसी भी स्थिति से त्वरित और प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।

# कालकाजी के भूमिहीन कैंप पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर 'आप' ने किया विरोध

■ **दिल्ली पुलिस ने आतिशी को हिरासत में लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी को मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया, क्योंकि उन्होंने कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ के विरोध में प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए जाने के दौरान आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तीखा हमला किया।

मद्रासी कैंप, वजीरपुर के बाद अब कालकाजी के भूमिहीन कैंप पर बुलडोजर कार्रवाई का आम आदमी पार्टी खुलकर विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार और दिल्ली पुलिस कान खोलकर सुन ले, उसकी तानाशाही और बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। हम ना तुमसे डरते हैं और न तुम्हारी पुलिस से। आतिशी ने कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गीवासियों का श्राप लगेगा। आतिशी ने कहा कि भाजपा कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है, क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रही हूं। भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाय लगेगी। भाजपा कभी वापस नहीं आएगी। इससे पहले सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद दक्षिण दिल्ली के कालकाजी एक्सटेंशन में भूमिहीन कैंप के सभी निवासियों को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें अवैध झोपड़ियों के आगामी विध्वंस को देखते हुए अपने परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया। नोटिस के अनुसार, निवासियों को तीन दिनों के भीतर स्वेच्छा से घर खाली करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि इसका पालन न करने पर अधिकारियों द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। डीडीए ने आगे लिखा कि तोड़फोड़ के दौरान झोपड़ियों के अंदर छोड़ा गया कोई भी सामान हटा दिया जाएगा और एजेंसी को व्यक्तिगत संपत्ति को किसी भी तरह के नुकसान या क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। डीडीए ने निवासियों से शांति बनाए रखने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की है ताकि सुचारू और व्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# छात्राओं को मिले नौकरी के बंपर ऑफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय में अगस्त २०२४ से अप्रैल-मई २०२५ तक आयोजित हुए प्लेसमेंट सत्र में इस बार छात्राओं को नौकरी के बंपर ऑफर मिले हैं। न केवल इस बार ऑफर की संख्या में इजाफा हुआ, बल्कि इंटर्नशिप प्राप्त करने की संख्या भी बढ़ी है।

एक साल तक चले प्लेसमेंट सत्र में अधिकतम एक करोड़ और इंफोसिस से न्यूनतम ३.५ लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश छात्राओं को हुई, जबकि एटलसियन कंपनी ने दो छात्राओं को ६४ लाख के वार्षिक पैकेज की पेशकश की है। विश्वविद्यालय छात्राओं को मिले इस तरह के ऑफर से उत्साहित है। विवि उम्मीद कर रहा है कि दो माह बाद शुरू होने वाले प्लेसमेंट सत्र में छात्राओं को और बेहतर ऑफर प्राप्त होंगे। आईजीडीटीयूडब्ल्यू के प्लेसमेंट सेशन २०२४-२५ में अब तक कुल १३०० नौकरियों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## राजधानी में ज्यादा चालान

**नई दिल्ली।** राजधानी में ऑन स्पॉट सबसे ज्यादा चालान अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के काटे गए हैं। दूसरा स्थान बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) के चलने वाले वाहनों के हैं। तीसरा नंबर बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों का है। दिल्ली यातायात पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यबीर कटारा ने बताया, १ जनवरी से लेकर ८ जून तक ऑन स्पॉट सबसे ज्यादा ४,५२,५९४ चालान अवैध रूप से पार्क होने वाले वाहनों के हैं। ३,९१,७३४ वाहनों के चालान बिना पीयूसीसी जबकि २,७९,१७० चालान बिना हेलमेंट दो पहिया वाहन चलाने वालों के हैं।

## एक नजर

### गोली मारने की धमकी देकर नाबालिगों ने की लूटपाट, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में बीते रविवार को गोली मारने की धमकी देकर लूटपाट करने वाले तीन नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके कब्जे से पिस्टल और लूट का सामान जब्त किया है। पुलिस नाबा. लिगों से उनके हथियार के सॉर्स के बारे में जानकारी लेनी की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार को जहांगीरपुरी पुलिस को ईई ब्लॉक, जहांगीरपुरी के पास युवक को गोली मारने की धमकी देकर फोन लूटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची,शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किये। एसीपी प्रवीण कुमार की देखरेख में एसएचओ सतविंदर ङ्क्षसह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई संदिग्धों को हिरासत में ले पूछताछ की और कई की वारदात के वक्त की लोकेशन के बारे में जानकारी ली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली गई। सीसीटीवी कैमरों में कई अहम सबूत मिले। जिसके बाद तीनों नाबालिगों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ लिया।

### स्किल-आधारित गेमिंग को बढ़ावा देने के लिए कैंपेन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** हाइक के स्किल-बेस्ड कैजुअल गेमिंग प्लेटफॉर्म 'रश' ने अपना पहला ब्रांड कैंपेन रुचलोजीतकीचाल लॉन्च किया है, जिसमें अभिनेता और कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक नजर आ रहे हैं। यह कैंपेन ह्यूमर, मेहनत और रोजमर्रा की जुगाड़ से भरपूर है, और उन तेज-दिमाग और फुर्तीले खिलाड़ियों को सेलिब्रेट करता है जो भारत में जिंदगी की चुनौतियों को गेम-जैसी जीत में बदल देते हैं। रश के सबसे महत्वाकांक्षी कम्युनिकेशन कैंपेन के रूप में, यह पाँच हफ्तों का अभियान १० जून से टीवी, रेडियो और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर शुरू हो रहा है।हाइक के सीएफओ मनीष कुमार ने कहा रुचलोजीतकीचाल हमारे लिए भारत के सबसे बेहतर गेमर्स को मंच पर लाने का एक तरीका है । वे लोग जो स्मार्ट खेलते हैं, लगातार मेहनत करते हैं और जानते हैं कि, रणनीति और कौशल किस्मत पर हमेशा भारी पड़ते हैं।

### गुलाब सिंह राठौर का स्वागत किया गया



**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान के नेतृत्व में सिविल लाइन जोन जाकर श्री गुलाब सिंह राठौर से मुलाक. ात की तथा उन्हें सिविल लाइन जोन का चेयरमैन चुने जाने पर बधाई दी इस मौके पर श्री गुलाब सिंह राठौर का जोरदार स्वागत भी किया गया इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्षा ममता आनन्द एवं मानसी सिंह, मनोज कुमार ,एडवोकेट श्री अमित आनन्द व जसप्रीत सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आमिर खान एक बार फिर दिल जीतने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** आमिर खान एक बार फिर दिल जीतने की तैयारी में हैं अपनी नई फिल्म श्सितारे जमीन परश के साथ, जो थिएटर में बड़े पैमाने पर रिलीज होने वाली है. २००७ की उनकी क्लासिक श्तारे जमीन परश की ये एक स्पिरिचुअल सीक्वल है, जिसमें आमिर के साथ १० नए डेब्यू करने वाले एक्टर्स भी नजर आएंगे. रिलीज से पहले की हलचल के बीच, समा. जसेवी और लेखिका सुधा मूर्ति हाल ही में फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुईं. उन्होंने फिल्म की तारीफ की कि ये एक अहम सामाजिक मुद्दे को बहुत ही खूबसूरत और दिल को छू जाने वाले अंदाज में दिखाती है. सुधा मूर्ति ने फिल्म की तारीफ करते हुए कहा, "मैंने श्सितारे जमीन परश देखी. ये आमिर खान की फिल्म है और उन्होंने इसमें एक्टिंग भी की है. मुझे लगा ये आंखें खोलने वाली फिल्म है,

### पब्लिक डिमांड पर 'द दिल्ली फाइल्स' बनी अब 'द बंगाल फाइल्स'

**नई दिल्ली।** विवेक रंजन अग्निहोत्री अब अपनी ट्रिलॉजी की तीसरी फिल्म श्द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चौप्टरश के साथ तैयार हैं, जिसे अब श्द बंगाल फाइल्स: राइट टू लाइफश नाम से रिलीज किया जाएगा। फिल्म अब 'द बंगाल फाइल्स: राइट टू लाइफ' के नाम से ५ सितंबर २०२५ को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स अभिषेक अग्रवाल, पल्लवी जोशी और विवेक अग्निहोत्री ने ये फैसला खासतौर पर पब्लिक डिमांड पर लिया है। ये फिल्म विवेक रंजन अग्निहोत्री की ष्फाइल्सष ट्रिलॉजी की तीसरी किस्त है, जिसमें इससे पहले 'द ताशकंद फाइल्स' (२०१९) और 'द कश्मीर फाइल्स' (२०२२) आ चुकी हैं।

### हिंदू भाइयों को भी मुसलमानों की तरह बड़ा दिल दिखाना चाहिए: तेज लाल भारती



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस, नई दिल्ली के कार्यालय में आयोजित एक बैठक में बच्चों का घर' और 'आर्य समाज अनाथालय के चेयरमैन और वरिष्ठ समाजवादी नेता तेज लाल भारती ने कहा कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर नजर रखने वालों ने कभी मुसलमानों की स्थिति पर विचार करने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि भारत में कमजोर वर्गों की सूची में शामिल होने के बावजूद मुसलमानों का दिल बड़ा है।हिंदू भाइयों को भी बड़ा दिल दिखाने का साहस करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि 'बच्चों का घर' एक मुस्लिम संस्था है और मैं गैर-मुस्लिम होते हुए भी मैं लंबे समय तक इस महान संस्था का चेयरमैन हूं, लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार किसी भी गैर-मुस्लिम संस्था में कोई मुस्लिम प्रमुख नहीं है।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह मुसलमानों के व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करे और वक्फ संशोधन विधेयक २०२५ को वापस लेकर भारत के मुसलमानों का दिल जीतने की दिशा में काम करे। इस अवसर पर ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खान ने देश और राष्ट्र के लिए एक महान योगदान दिया है और यह राष्ट्रीय एकता का एक बड़ा उदाहरण भी है। दिल्ली सरकार से अनुरोध है कि वह हकीम अजमल खान के मजार को एक महत्वपूर्ण स्मारक बनाने में भूमिका निभाए तथा उनके सरमाए की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे।



गोविंदम बेंकट होल दुर्गा पुरी चौक बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव व अन्य कांग्रेसी नेतागण।

# बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन गोविंदम बेंकट होल दुर्गा पुरी चौक किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का स्वागत फूल मालाओं से किया। देवेंद्र यादव ने जिला बाबरपुर की कार्यकारिणी बैठक में भाग लिया और सभी को संबोधित किया , जहां संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने राम नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एव नन्द नगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का न्यू कार्यालय का उद्घाटन किया। और सभी ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र एवं न्याय यात्रा पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में लोकसभा ऑब्जर्वर जिला ऑब्जर्वर , और अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर शहजाद खान ने कहा कि उन्हें दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष बड़े भाई राजकुमार जैन के द्वारा दूसरी बार में ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने पर शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष एवं पूर्व निगम प्रत्याशी मेरे चाचा जी चौधरी अजीत सिंह का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर राजकुमार जैन ने कहा कि उनके जिला बाबरपुर के सभी ब्लॉकों से पच्चीस-पच्चीस बारहवीं पास बेरोजगार लड़कों को नौकरी दिलवाने के लिए काम करेंगे। आने 19 जून को ताल कटोरा स्टेडियम में कांग्रेस एक प्रोग्राम करने जा रही है उसमें उन बे रोजगार लड़कों को नौकरी दिलवाने पर चर्चा की जायेगी और उन्होंने भरोसा दिलाया कि बीस तीस फीसदी नौकरी कम से कम तो जरूर मिल जायेगी लेकिन यह होगी सो फीसदी बच्चों को नौकरी दिलाई जाये।

# शाहीन बाग में अल्पसंख्यक चौपाल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ३.० की पहली सालगिरह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश द्वारा शाहीन बाग, ओखला में अल्पसंख्यक चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में मुख्य अतिथि तौर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्दीकघे उपस्थित रहे।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अनीस अब्बासी , भाजपा विधायक प्रत्याशी मनीष चौधरी, मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस. अकरम, दिल्ली प्रदेश प्रभारी डॉ. असलम, कार्यक्रम संयोजक आशू चौधरी सहित दिल्ली प्रदेश की मोर्चा की टीम मौजूद रही। चौपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा संविधान की संविधान की किताब बाँटी गई । जिसको पढ़कर हम अपने अधिकारों को पहचाने तथा देश के लिए अपने कर्तव्यों को भी हम जान सके। संविधान का ज्ञान होने से हमको डराने वालो की हार होगीइस मौकघे पर जमाल सिद्दीकघे ने कहा कि मोदी जी के विकास रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाने का काम अल्पसंख्यक मोर्चा करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास-सबका विश्वास तथा सबका प्रयास को मजबूती से नीचे उतारा है । विकास के रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाकर उनका विकास करना अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी है जो हमको निभानी है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के बीच की दूरी को पार्टी है लिंग भेद को समाप्त किया है महिला को आगे बढ़ने का रास्ता साफ किया है। नारी वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा विधानसभा में बहनों को आरक्षण प्रदान कर देश के सबसे बड़े मंदिर लोकसभा तक पहुँचाने का रास्ता साफ किया है उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने का नेतृत्व दो बेटियों कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सौंप कर दुनिया को भारत के नारी के साहस, शौर्य प्रदर्शन और वीरता का परिचय दुनिया को दिया है।

## अवैध धंधे का भंडाफोड़, पांच महिला समेत 32 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी में पुलिस ने एक होटल में छापा मारकर जुआ खेलते हुए ३२ लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें पांच महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मौके से १.५ लाख रुपये नकद और १० लाख रुपये से अधिक के जुआ चिप्स भी बरामद किए। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई और सभी आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जुए के लिए दांव पर रखे गए एक लाख ५६ हजार ७१० रुपये, करीब १० लाख ३४ हजार रुपये के जुए के १०३४ चिप्स बरामद किए गए हैं। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि नौ जून की मध्य रात्रि के दौरान पुलिस को मैनसन होटल, पीतमपुरा में संचालित एक अवैध जुआ रैकेट के बारे में गुप्त जानकारी मिली। छापे के दौरान पांच महिलाओं सहित ३२ व्यक्तियों को जुआ गतिविधियों में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा ३,४,५ के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

## दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के कोतवाली थाने की टीम ने रॉबरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब रकम का हिस्सा छह हजार रुपए, बैग और अपराध में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। आरोपी आर्थिक तंगी के कारण कर्ज नहीं चुका पा रहा था।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि ८ जून को कोतवाली थाने में तीरथ राम अस्पताल, सिविल लाइन्स से एमएलसी की सूचना प्राप्त हुई।

# ई-रिक्शा के 600 रूटों की हुई मैपिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड से लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए अब मोबाइल एप पर ई-रिक्शा खोज सकेंगे। यात्रियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित हों।

इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने दिल्ली-एनसीआर के मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड की मैपिंग की है। आईआईआईटी दिल्ली में प्रोफेसर डॉ. प्रवेश बियानी ने बताया कि यात्रियों के फुटफॉल के हिसाब से अलग-अलग इलाकों के मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड को चिह्नित किया है।

इसमें कश्मीरी गेट, दिल्ली गेट, मोहन एस्टेट, शास्त्री पार्क, कन्हैया नगर, जामा मस्जिद, रिठाला, मोहन नगर, आजादपुर, नांगलोई सहित ऐसे २०० स्थल है जहां पर आवाजाही करने वाले यात्री चार्टर मोबाइल एप की मदद से लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए ई-रिक्शा की सुविधा ले सकेंगे। ई-रिक्शा कितने समय पर और कितनी देरी में उपलब्ध होगा उसका ब्योरा ऐप पर मिलेगा। इससे यात्रियों को आवागमन में आसानी होगी क्योंकि घर से निकलने या दफ्तर से घर लौटने पर हर कोई यह चाहता है कि उसे मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड तक के लिए ई-रिक्शा आसानी से उपलब्ध हो जाएं।

## लू से तप रही दिल्ली

**नई दिल्ली।** 12 तक लू के ऑरेंज अलर्ट के बीच तापमान के 45 के पार जाने के आसार हैं। दिल्ली का तापमान जून में अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। हीट इंडेक्स ५१ से ५२ के बीच दर्ज किया गया, यानी दिल्ली के लोगों को इसी तापमान की गर्मी का एहसास हुआ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह अभी और बढ़ सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने १३ जून से बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। हीट इंडेक्स हवा के तापमान और आर्द्रता को मिलाकर मापता है कि बाहर कितनी गर्मी महसूस होती है। यह ऐसा सूचकांक है जो मानव शरीर द्वारा अनुभव किए जाने वाले वास्तविक तापमान का अनुमान लगाता है। यह आर्द्र गर्मी के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह गर्मी के तनाव का अधिक सटीक आकलन करता है।

# रोबोटिक स्पाइन सर्जरी को अपनाने के अनुभव को साझा किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अग्रणी स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञों की एक टीम ने उन्नत सर्जिकल तकनीकों, विशेषकर रोबोटिक स्पाइन सर्जरी, को अपनाने के अपने समृद्ध अनुभव को साझा किया है, जो मरीजों को अधिक सुरक्षित, सटीक और शीघ्र रिकवरी के विकल्प प्रदान करता है। यह तकनीक विशेष रूप से डिफॉर्मिटी करेक्शन प्रक्रियाओं में उपयोगी सिद्ध हो रही है।

डॉ. एच. एस. छाबड़ा, डॉ. विशाल सिंह (श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट) तथा डॉ. विकास टंडन, डॉ. जितेश मंघवानी, डॉ. गुरुराज संगोडीमठ (इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर) द्वारा जारी



एक बयान में कहा गया, हमारे स्पाइन केयर में नवाचार, उन उन्नत तकनीकों पर आधारित हैं जो मरीजों के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रभावी और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल प्रदान करें जो दर्द को कम करें और रिकवरी को बढ़ावा दें, साथ ही सर्वोत्तम सर्जिकल सिद्धांतों का पालन भी करें।

## डीयू के पंजीकरण फॉर्म में सुधार का मौका, 12 जून तक

**नई दिल्ली।** डीयू में दाखिले की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए राहत की खबर है। डीयू ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए स्नातकोत्तर और बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु भरे गए पंजीकरण फॉर्म में सुधार का मौका देने की घोषणा की है। डीयू के अनुसार, सुधार विंडो 12 जून रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। यह मौका केवल उन्हीं छात्रों के लिए है जिन्होंने अंतिम तिथि तक पंजीकरण पूरा कर लिया है। डीयू में १६ मई को शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया सोमवार आधी रात को समाप्त हो गई। अब छात्र इस पंजीकरण फॉर्म में मंगलवार (१० जून) सुबह १० बजे से बृहस्पतिवार (12 जून) रात ११:५९ मिनट तक सुधार कर सकते हैं। डीयू ने करीब ८२ स्नातकोत्तर प्रोग्राम की १३,६०० सीटों व तीन बीटेक प्रोग्राम की ३६० सीटों के लिए १६ मई से पंजीकरण प्रक्रिया की शुरुआत की थी। ६ जून को अंतिम तिथि के बाद पंजीकरण प्रक्रिया की तिथि को नौ जून तक के लिए बढ़ा दिया गया था।

## पूर्व चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा को मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल ने ईद उल अजहा की बधाई दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईद उल अजहा के पर्व पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमेंन इकबाल सिंह लालपुरा से आयोग के सलाहकार पैनल सदस्य मो. रियाज व उनकी टीम सदस्यों ने मुलाकात करके ईद उल अजहा की बधाई दी। इस अवसर पर मो. रियाज व टीम सदस्यों ने इकबाल सिंह लालपुरा को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। लालपुरा ने सभी से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मो. रियाज और हाफिज मो आदिल ने लालपुरा को ईद उल अजहा के अवसर पर की जाने वाली कुर्बानी से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि इस पर्व पर हज भी किया जाता है जो इस्लाम के पांच स्तंभ में से एक स्तंभ है। कुर्बानी का यह पर्व इस्लाम में करूणा और त्याग को दर्शाता है। धनवान लोगों पर यह कुर्बानी आवष्यक है। कुर्बानी का मांस निर्धन लोगों मे वितरण किया जाता है।

इसी प्रकार के विचार मजाहिर रजा और समीना रजा ने भी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी धार्मिक पर्व एक दूसरे को जोडने का माध्यम हैं। यही कारण है इन धार्मिक पर्व पर दुश्मनी भुला कर दुश्मन को गले लगाया जाता है। अंत में इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कुर्बानी का यह पर्व हजरत इब्राहीम और उनके बेटे हजरत इस्माईल की याद दिलाता है। एक पिता अपने रब की आज्ञा पर अपनी संतान को कुर्बान करने के लिए राजी हुए। इससे बड़ी त्याग की मिसाल किया होगी। हमें इसी नियत से कुर्बानी करनी चाहिए हमारा रब हमसे राजी हो जाए। अंत में उन्होंने सभी देशवासियों को ईद उल अजहा की बधाई दी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित) का संचालन किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04092/04091 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित)** | 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04092 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04091 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | नई दिल्ली | 01:00 | -- |
| 21:40 | -- | हावड़ा जं. | -- | 23:50 |

**चलने की तिथि : 04092 नई दिल्ली** से दिनांक 11.06.2025 से 19.07.2025 (बुधवार एवं शनिवार) तक एवं **04091 हावड़ा जं.** से दिनांक 12.06.2025 से 20.07.2025 (गुरूवार एवं रविवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनमी, शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., जमुई, झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., जामताड़ा, चित्तरंजन, आसनसोल जं. दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1726/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## टीबी पुष्टाहार किट का किया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'टी.बी. पुष्टाहार किट योजना' के अंतर्गत सिविल डिफेंस द्वारा चीफ वार्डन ललित जायसवाल और डिप्टी कंट्रोलर रविंद्र प्रताप के नेतृत्व में राजकीय कन्या इंटर कालेज के पास विजय नगर पर 100 टी. बी. पुष्टाहार किट का वितरण मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल यादव मोहन, डिस्ट्रिक्ट टी बी ऑफिसर के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर नेहा गोस्वामी, डॉक्टर दीपाली गुप्ता, हर्ष वर्मा डिविजनल वार्डन आरक्षित, दीपक अग्रवाल स्टाफ ऑफिसर फायर टू चीफ वार्डन, नवनीत कुमार दिव्यांशु अनिल अग्रवाल, कावेरी, शानंदी, कविता, मनोज कुमार आदि अनेकों सिविल डिफेंस के वार्डन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया तथा विशेष सहयोग गुलाम नबी प्रभारी मुख्यालय/ सहायक उप नियंत्रक द्वारा किया गया।

# आउटर रिंगरोड के लिए जीडीए सीधे किसानों से अर्जित करेगा जमीन

### आउटर रिंग रोड के निर्माण के बाद मिलेगा एक बड़ी आबादी को लाभ

- **प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अर्जन विभाग को 60 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड के निर्माण का प्लान तैयार करने के दिए गए दिशा निर्देश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आउटर रिंग रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद राजनगर एक्सटेंशन समेत एक बडी आबादी को लाभ प्राप्त होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अर्जन विभाग को प्रस्तावित रिंग रोड 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर का प्लान तैयार करते हुए प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिए है।

समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया कि साल 2018 के दौरान 6 किलो मीटर के हिस्से में सरकुलर प्लान में 45 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड के निर्माण का खाका तैयार किया गया था। जबकि जोनल प्लान में 60 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड प्रस्तावित की गई है। किसानों से मतभेद एवं कुछ किसानों के अदालत की शरण लेने के परिणाम स्वरूप आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य गति नहीं पकड पाया। बैठक के दौरान ये भी सामने आया कि नूर नगर में करीब 553 मीटर एवं भोवापुर अटौर में करीब 1010 मीटर एवं शाहपुर मोरटा के करीब 548 मीटर के हिस्से में विवाद के चलते आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य प्रभावित है। बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आउटर रिंग रोड के लिए जमीन प्राधिकरण अर्जन विभाग के माध्यम से अर्जित करेगा।

इसी के मददेनजर कार्रवाई को तेज किया जाए। ये भी स्पष्ट किया कि जिन किसानों के द्वारा अभी भी मतभेद उत्पन्न किया जा रहा है, उनसे सुलह के प्रयास किए जाए। ताकि आने वाले वक्त मे आउटर रिंग रोड के निर्माण के बाद उसका एक बडी आबादी को लाभ प्राप्त हो सकें।जीडीए के निर्माण विभाग के द्वारा आउटर रिंग रोड के मददेनजर डिमार्केशन की मुहिम आंरभ कर दी गई है। जिस कडी मे मंगलवार को जीडीए के अभियंत्रण अनुभाग तथा अर्जन अनुभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डिमार्केशन करते हुए पिलर लगाने का कार्य किया गया। साथ ही 60 मीटर के प्रस्तावित एलाइनमेंट को भी चेक किया गया।

## अमृत स्टील कंपाउंड की चिप्स फैक्ट्री में लगी आग, कई दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**गाजियाबाद।** जीटी रोड स्थित अमृत स्टील कंपाउंड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शीतल इंटरप्राइजेज डिस्ट्रीब्यूटर की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। यह फैक्ट्री चिप्स और वेफर्स के स्टोरेज के लिए उपयोग की जाती है। घटना की जानकारी एक स्थानीय व्यक्ति पीयूष ने घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही फायर विभाग हरकत में आया और कोतवाली समेत आसपास के फायर स्टेशनों से कुल चार दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के मुता. बिक, आग तेजी से फैल रही थी और आसपास की अन्य फैक्ट्रियों को भी खतरा था।

### पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला के क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद

## आईटीएस में पीयूष चावला के साथ बिताए गए पलों को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एक दिवसीय एवं टी-20 क्रिकेट प्रारूपों की विश्व. विजेता भारतीय टीम के स्टार एवं वरिष्ठ क्रिकेट खिलाडी पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों (टेस्ट , एक दिवसीय एवं टवेंटी-टवेंटी ) से सन्यास की घोषणा की है। इस अवसर पर आई.टी.एस में उनके शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने पीयूष चावला की पूर्व में संस्था में बिताये गए पलों को याद किया।

इस अवसर पर आई.टी.एस - दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा की पीयूष चावला न केवल एक सफल क्रिकेट खिलाडी वरन एक बहुत अच्छे इंसान के रूप में तथा युवाओं को सदा प्रेरित करने एवं उन्हें ने सफलता की राह दिखाने में



अपना योगदान दिया है। अर्पित चड्ढा ने पीयूष चावला के आई.टी.एस में अपने भ्रमण के समय बिताये गए पलों को याद करते हुए कहा कि क्रिकेट जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले पीयूष चावला निश्चित रूप से आने वाले समय में अपना कुछ समय युवाओं कि प्रशिक्षण, प्रेरित एवं उनके जीवन में सफलता प्राप्त करने की दिशा में अपने प्रेरक जीवन से प्रेरित करते रहेंगे।

उन्होंने कहा की मुरादाबाद जैसे शहर से निकलकर अपने देश का प्रति. निधित्व करना अपने आपने बहुत समर्पण, कठिन परिश्रम, एकाग्रचित प्रयास कि साथ बहियत बड़े धैर्य की आवश्यकता होती और पीयूष चावला का जीवन इसका जीता जागता प्रमाण है। उन्होंने पीयूष चावला को अपने जीवन कि नै पारी कि लिए शुभकामनायें देते हुए कहा की संस्था उनके मार्गदर्शन कि लिए आभारी है तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनका सहयोग भविष्य में भी प्रार्प्त होता रहेगा।

ज्ञातव्य हो कि पीयूष चावला भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाडी रहे हैं और उन्होंने सं 2007 एवं 2011 में टी-20 एवं एक दिवसीय क्रिकेट के विश्वविजेता टीम के रूप में देश का प्रतिनिधित्व किया है। एक विशेषज्ञ लेग स्पिनर एवं आल-दि राउंडर के रूप में अपनी ख्याति बनाने वाले श्री चावला ने आधिकारिक तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। अपने 20 वर्ष के पेशेवर करियर के बाद चावला ने अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

## सुंदरकांड पाठ में उमड़ा जनसैलाब

**गाजियाबाद।** राजनगर, गाजियाबाद स्थित आवास आर-1/68 पर सोमवार, 9 जून 2025 को एक भव्य एवं भक्तिपूर्ण सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ शाम 5 बजे हुआ, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पाठ का आयोजन एडवोकेट अशोक शर्मा द्वारा किया गया था, जिन्होंने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया था। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम व श्रीहनुमान के स्मरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ आरंभ हुआ, जिसे एक सुगठित मंडली द्वारा अत्यंत भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया गया। पाठ के दौरान भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों और श्लोकों में डूबे नजर आए ।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने

## फल वितरण कर मनाया सेवा संकल्प दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल इकाई द्वारा पूरे प्रदेश में मनाये गये 'सेवा संकल्प दिवस' के अंतर्गत एमजी हॉस्पिटल की महिला वार्ड में महिलाओं को ताजे फल वितरण कर समाज सेवी पहल की गई। इस पुण्य कार्य में जिला अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल, महानगर अध्यक्ष संजय बिंदल, वरिष्ठ व्यापारियों दीपक गर्ग, संजय गुप्ता, जगमोहन, जॉन, सोनू सैनी, इमरान रिजवान ठाकुर, नरेश कुमार, सुंदरलाल सहित अनेक व्यापारजनों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के विषय में संदीप बंसल ने बताया, "सेवा संकल्प दिवस के माध्यम से हम समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य-सचेतना और समर्थन पहुंचाने का प्रयास करते हैं। आज महिलाओं को पौष्टिक फल वितरण कर हमें अत्यंत प्रसन्नता हुई।" एमजी हॉस्पिटल की सीएचएस डॉक्टर अलका शर्मा और मैनेजर त्रिशा ने भी इस आयोजन में सहभागिता की। उन्होंने कहा, "व्यापारियों की इस पहल से महिला रोगियों का मनोबल बढ़ा है। हमें ईमानदारी और सामूहिक प्रयास की यही भावना देश को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने में मार्गदर्शक सिद्ध होगी।" अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद इकाई भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित कर निरंतर सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा।

## श्री श्याम परिवार धर्मार्थ सेवा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**गाजियाबाद।** श्री श्याम परिवार धर्मार्थ सेवा समिति दिल्ली प्रदेश श्री सनातन धर्म मंदिर पर बाबा श्याम के भंडारे और ठंडा पानी (शरबत) का वितरण किया गया। सभी लोगों ने मिलकर बाबा की आरती की और 56 प्रसाद का भोग लगाया।सभी लोगों ने मिलकर श्याम बाबा की आरती की और छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया। इस अवसर पर कंछी लाल करण, कल्याण सिंह करण, सत्य प्रकाश करण, नितिन करण, प्रमोद करण, गजराज करण, सतीश करण, गौतम करण, जयप्रकाश करण उमाशंकर करण सोनू करण, रतन सिंह करण, नरेश करण, सुरेंद्र करण, राजेंद्र करण, जगदीश करण, देशराज करण, सत्यनारायण करण, मुकेश करण, तेजवीर करण, संजय करण! इस आयोजन में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़-चढ़ कर रही। इसमें कुसुम करण, शकुंतला करण, मीनाक्षी करण, पूनम करण, संध्या करण, कविता करण, पुष्पा करण आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर गाजियाबाद से विशेष रूप से पधारे भाजपा नेता वीरेंद्र कंडेरे का फूलों का गुलदस्ता देकर और श्याम बाबा का पटका पहनकर स्वागत किया गया।

## वैशाली में लगवाई गई हाई मास्क लाइट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वार्ड 72 सेक्टर 1 वैशाली गुरुद्वारे रेनबो पब्लिक स्कूल सेक्टर कामना के पास पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों हाई मास्क लाइट लगाई गई। इसका शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा विमला भट्ट द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया।

लाइट न होने की वजह से असामाजिक तत्व का आना जाना रहता था रात को लोग यहां से निकलते भी कम थे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटियार शिक्षाविद किरण राणा केपी सिंह प्रमोद सेंगर बिजी सिंह प्रहलाद सिंह श्याम सुंदर एसपी सिंह राजीव पाल देव सिंह सजवान आशीष गोयल रामेश्वर शंकर सिंह दुष्यंत गौतम पवित्रा विमला चौधरी मिथिलेश शर्मा अनीता रेशमा सजवान नीलम नेगी सुमन अग्रवाल रेनू नेगी दीपा भाटिया बसंती लीला देवी सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आवंटी अपनी मेल के माध्यम से भी हासिल कर सकेंगे आवंटन लेटर: अतुल वत्स

### पहल पोर्टल पर की गई नई व्यवस्था, नई व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर की सभावना होगी शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में आरभ की गई पहल पोर्टल के अर्तगत आवटी अब घर बैठे ई मेल के माध्यम से भी न केवल आवंटन पत्र हासिल कर सकेंगे, बल्कि अपनी प्रोपर्टी का म्यूटेशन लेटर भी प्राप्त कर सकेंगे । इस कड़ी में मंगलवार को एक आवंटी को उसकी मेल पर आवंटन पत्र उपलब्ध कराया गया। जो काफी हद तक कामयाब रहा। इसके लिए आवंटी को आवेदन के दौरान अपने मोबाइल नबर के साथ मेल का भी उल्लेख करना होगा। इसके लिए आवटी को केवल पोर्टल के लिक पर आवेदन करना होगा। चूंकि जो जीडीए के द्वारा आवंटन पत्र आदि जारी किया जाता है उस पर क्यू आरकोड होता है। प्राधिकरण की टीम व अन्य कोई भी जेनेरेटेड पत्र की प्रमाणिकता की भी जाँच कर सकता है कि आवंटन पत्र उसी अवंटि का है । इस व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर भी भविष्य में जारी नहीं कराया जा सकेगा, बल्कि आवटी के द्वारा घर बैठे ये भी जानकारी हासिल की जा सकेगी कि उनके द्वारा प्राधिकरण से जो भवन अथवा भूखंड आवटित कराया गया है उसके एवज में कितनी राशि बकाया है तथा किस डेट में इस राशि का भुगतान किया जाना है, बल्कि चालान के माध्यम से जो राशि जमा की जा सकती है, बल्कि उसकी स्थिति भी घर बैठे प्राप्त की जा सकेगी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने का उददेश्य पारदर्शी व्यवस्था हो, ताकि आवटी को छोटे छोटे कामों के लिए अपने व्यस्त समय का सदुपयोग किया जा सके। नई व्यवस्था का आवटियों को बेहतर लाभप्राप्त हो इस दिशा में हर सभव कदम उठाए जा रहे है। प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिह ने बताया कि अक्सर शिकायते रहती थी कि आवंटी को छोटे छोटे कार्य के लिए प्राधिकरण में एक सीट से दूसरी सीट पर भटकना पड़ता है अब पहल के माध्यम इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पहल पोर्टल की समीक्षा व इसके बारे मे हर पटल पर बैठकर अपर सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से उसका फीडबैक लिया जा रहा है।

## सार्वजनिक सूचना

**गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि सम्पत्ति सं0-858/F-3 & 21/G-2, मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-1, साहिबाबाद, गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम डा० विजय पाल सिंह वर्मा के स्थान पर श्रीमती रीना चौधरी पत्नी स्व० जितेन्द्र कुमार एवं सम्पत्ति सं0-21/shop-2 & 21/Shop-3, मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-1, साहिबाबाद, गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम डा० विजय पाल सिंह वर्मा के स्थान पर श्री एकांश चौधरी पुत्र स्व० जितेन्द्र कुमार के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारी. सान प्रमाण-पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति सं0-858/F-3 & 21/G-2 एवं भवन सं0-21/shop-2 & 21/Shop-3 मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-1, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार "नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 31.05.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका श्रीमती रींना चौधरी पत्नी स्व० जितेन्द्र कुमार का नाम सम्पत्ति सं0-858/F-3 & 21/G-2 एवं श्री एकांश चौधरी पुत्र स्व० जितेन्द्र कुमार का नाम सम्पत्ति सं0-21/shop-2 & 21/Shop-3 मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-1, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन।**

## एक नजर

### ईद उल अजहा के पर्व पर बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए किया धन्यवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** ईद उल अजहा के पर्व पर वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए वार्ड 34 शहीद नगर की निगम पार्षद खुर्शीदा बेगम व हाजी मो. कल्लन ने नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व महापौर सुनीता दयाल का धन्यवाद किया। उनके द्वारा ईद उल अजहा के अवसर पर सफाई व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था बेहतर कराने के लिए धन्यवाद किया गया।

### नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का सहारनपुर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें गाजियाबाद के ओरा स्पोर्ट्स क्लब और सी एस एस पब्लिक स्कूल के 7 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 1 गोल्ड 1 सिल्वर 5 ब्राउंज मेडलो को हासिल करके हमारे शहर का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडलिस्ट - यथार्थ देशवाल सिल्वर मेडलिस्ट - अमन सारस्वत ब्राउन मेडलिस्ट - रिद्धि शर्मा, दर्श वर्मा, अनन्या शाक्य, तनु सारस्वत विराट आर्य इन सभी बच्चों को सी एस एस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गौरव सिंह ने और ओरा स्पोर्ट्स क्लब के अतिथि नरेंद्र सिंह ने इन बच्चों को और कोच श्सुमित शाक्यश को फूल माला पहनाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### मोदी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम पर छात्रों की माताओं ने पौधे रोपित किए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा जी के निर्देशन में चल रहे समर कैंप का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी की अध्यक्षता में किया गया यह समर कैंप 21 मई से चल रहा था जिसमें छात्रों को विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अनेक गतिविधियां कराई गई समापन पर आज छात्रों और उनके अभिभावकों से फीडबैक लिया गया उनके बच्चों ने पूरे समर कैंप में क्या सीखा अपने अनुभव साझा किया। बाद में छात्रों ने अपनी अपनी माता के साथ विद्यालय की वाटिका में पौधे आरोपित किऐ और उनकी रक्षा करने का भी संकल्प लिया प्रधानाचार्य जी ने ऐसी माताओं को भी मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल जी ने विद्यार्थियों को सिंगल उसे प्लास्टिक का प्रयोग न करने की जानकारी दी और उन्हें कपड़े के बैग सूट कागज के लिफाफे आदि बनाने और उन्हें प्रयोग करने की जानकारी दी इसी के साथ छात्रों के अभिभावकों को फिर कचरा प्रबंधन की जानकारी भी दी साथ ही साथ शतरंज और बैडमिंटन के विषय में विस्तार से बताया समर कैंप में छात्रों ने जो कुछ भी सीख उनके अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की।

## समाजवादी पार्टी में विधानसभा अध्यक्ष बने शाहनवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल लाल पाल द्वारा शाहनवाज पुत्र अनवार खान को वीरेंद्र सिंह (बबल बैंसला) के स्थान पर गाजियाबाद सदर विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव द्वारा शाहनवाज को मनोनयन पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव साजिद सैफी निसार कसार अकरम प्रधान खालिद बुखारी अत्ताउल्लाह खान रिजवान चौधरी नवीन कुमार शर्मा राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## किसानों के साथ फसलों को लेकर चर्चा

**सम्भल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले के चिन्हित क्षेत्रों में किसानों को वैज्ञानिकों के साथ 135 ग्राम पंचायतों में विचार-विर्मश कार्यक्रम आयोजित किय जायेंगे। जिसके तहत प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ फसल और उर्वरक पर चर्चा की जायेगी। जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत क्षेत्रें में किसानों की वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श करने को के 135 ग्राम पंचायातों को चिन्हित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है, जिसमें, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, केन्द्रीय/राज्य कृषि विश्व. विद्यालय, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ मृदा, फसल, उर्वरक, बीमारियों, दलहन, तिलहन मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग आदि पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही पशुपालन विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की जानकारी भी साझा की जायेगी। इसी के तहत जनपद के 09 ग्राम रजवाना, पीरबहादुर, मिठनपुर, अकबरपुर, कूबरी भूड़, कन्हुआ, पतेई नासीपुर, डुप्टा खुर्द पटी एवं बसन्तपुर में आयोजन हुआ। डक्क अनुज भटनागर द्वारा, आलू वैज्ञानिक, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम मेरठ द्वारा भाग लिया गया।

### आईटीएस डेंटल कॉलेज में

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज मे विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। जिसका विषय "रक्तदान करें, जीवन बचाएं" था। ब्लड डोनर डे मनाने की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में की थी, तब से हर साल 14 जून को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को ब्लड डोनेशन को लेकर जागरूक किया जाता है। कई बीमारियों में बार-बार खून चढाने की जरूरत होती है, ऐसे में सही समय पर इलाज न मिलने पर कई लोगों की मौत हो जाती है। इसलिये इस दिन कई जगहों पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाये जाते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल करीब 118.54 मिलियन लोग



रक्तदान करते है। इस अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज ने रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ और रोटरी वरदान ब्लड बैंक के सहयोग से परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें दिनभर रक्तदाताओं की निरंतर उपस्थिति रही। इसके साथ ही आईटीएस डेन्टल कॉलेज के बीडीएस, एमडीएस के विद्यार्थियों और संस्थान की फैकल्टी एंव स्टाफ ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ रक्तदान किया। सबसे पहले दानदाताओं को एक पंजीकरण फॉर्म भरने के लिये कहा गया, फिर उनका ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन काउंट और वजन माप की गहन चिकित्सा जांच की गयी। आयोजन स्थल से जाने से पहले कुछ समय के लिए दानदाताओं के लेटने और स्वस्थ होने की भी व्यवस्था की गयी थी। रक्त देने के पश्चात दानदाताओं को पहचान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा उन्हें एक डोनर कार्ड भी मिला, जिसमें अगले एक साल के दौरान ब्लड बैंक से एक यूनिट रक्त मुफ्त उपलब्ध किया जायेगा। शिविर के दौरान सदरपुर के लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# दिल्ली सरकार कैबिनेट ने स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर लगाई लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की आठवीं बैठक के बाद द दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) ऑर्डिनेंस २०२५को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक के बाद दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रेखा गुप्ता की सरकार ने द दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) ऑर्डिनेंस २०२५ के लिए हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दे दी है।

मंत्री ने कहा कि बीते १०० दिनों में जितनी भी कैबिनेट बैठकें हुई हैं प्रत्येक बैठक में हमारी सरकार ने दिल्ली की जनता से जुड़े अहम मुद्दों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आज हुई कैबिनेट बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगाम लगाने के लिए सबसे अहम फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज हुए निर्णय के बाद दिल्ली के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले दिल्ली के मेहनतकश माता-पिता और उनके बच्चों का भविष्य सवारेगा। साथ ही यह अध्यादेश उन माता-पिता के आर्थिक शोषण को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प 'सबका साथ सबका विकास' और लोगों के जीवन को आसान, पारदर्शी और गरिमामय बनाने की जो की सोच है उससे प्रेरणा लेते हुए आज दिल्ली सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है।

द दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेग. ुलेशन ऑफ फीस) ऑर्डिनेंस २०२५अराष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश लागू हो जाएगा। इस अध्यादेश के माध्यम से निजी स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर रोक लगेगी और साथ ही छात्रों के माता-पिता को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अध्यादेश को उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। जैसे ही राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलती है यह कानून रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट यानी एक अप्रैल २०२५ से प्रभावी माना जाएगा। नया अध्यादेश उन पैरेंट्स को भी बड़ी राहत देगा जिनसे निजी स्कूलों ने दबाव डालकर अनुचित तरीके से मनमानी फीस की वसूली की है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में विशेष रूप से आम आदमी पार्टी की सरकार में दिल्ली के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता का लगातार आर्थिक शोषण होता रहा, लेकिन आज हमारी सरकार ने पैरेंट्स के साथ बर्षों से हो रहे नाइंसाफी को हमेशा के लिए खत्म करने का बेहद अहम फैसला किया है।

दिल्ली में २७ वर्षों के बाद बीजेपी की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने शिक्षा जैसे संवेदनशील और अहम क्षेत्र अपना पहला कानून बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन दिल्ली की जनता खासतौर पर मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सुनहरा दिन है। यह वो दिन है जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने एक ऐसे कानून को मंजूरी दी है जो न सिर्फ पारदर्शिता लाएगा बल्कि अभिभावकों की वर्षों पुरानी पीड़ा का पूर्णरूप से समाधान करेगा।

# नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ रोहिणी इलाके में स्थित ईगल हाउस, डब्ल्यू मॉल, सेक्टर ३, रोहिणी में हुए पार्टी विवाद में एक नाबालिग की सडक पर नाबालिगों ने दौड़ा दौड़ाकर चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने वारदात में शामिल तीन नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने जहां क्लब में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लिये हैं,वहीं कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि १३ साल का नाबालिग परिवार के साथ एच ब्लॉक मंगोलपुरी इलाके में रहता था। साउथ रोहिणी पुलिस को

**■ सीसीटीवी कैमरों में नाबालिग को चाकू मारते हुए दिखाई दिया**

सोमवार रात करीब आठ बजे ईगल हाउस, डब्ल्यू मॉल, सेक्टर ३, रोहिणी के बाहर नाबालिग को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर पड़े नाबालिग को खून से लथपथ हालत में देखकर तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। नाबालिग के परिजनों को वारदात की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। इस बीच पता चला कि प्रतिद्वंद्वी पक्ष के एक अन्य घायल के भर्ती होने के संबंध में जयपुर गोल्डन अस्पताल से एक और सूचना प्राप्त हुई। एसीपी के पी मलिक की देखरेख में एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया।

पुलिस टीम ने क्लब अंदर और बाहर की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और कर्मचारियों से पूछताछ की। क्लब में युवा लडकों के दो समूह किसी पार्टी के लिए एकत्र हुए थे। वे नाच रहे थे और पार्टी का आनंद ले रहे थे। पार्टी के दौरान, दोनों समूहों के बीच कुछ कहासुनी हुई। हाथापाई के बीच क्लब में भगदड़ जैसा माहौल बन गया। लडके क्लब के बाहर एक दूसरे को मारने के लिये भागे। फुटेज खंगालने पर सभी नाबालिगों की पहचान के बाद उनको उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ लिया।

# जल को बचाना ही भविष्य को बचाना : विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में "पानी की कहानी" पुस्तक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए गुप्ता ने कहा कि जल केवल एक संसाधन नहीं, जीवन का आधार है। दुर्भाग्यवश, आज हम सभी अनियंत्रित उपभोग और लापरवाह व्यवहार के कारण जल संकट के गंभीर दौर में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल संकट अब केवल स्थानीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक रूप ले चुका है, जिसके समाधान के लिए जनजागरण आवश्यक है।कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विधानसभा की विधायी अध्ययन ब्यूरो और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के राष्ट्रीय संयोजक मा. गोपाल आर्य और पुस्तक के लेखक संजय स्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष ने लेखक संजय स्वामी को इस महत्वपूर्ण और सामयिक कृति के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'पानी की कहानी' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि जल संकट के प्रति समाज को सजग करने वाला एक चेतावनी-संदेश, एक आह्वान और समाधान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।गुप्ता ने जल संरक्षण में जनभागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि साफ पानी के संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार या संस्थाओं की नहीं है, बल्कि यह हम सभी की साझा नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में व्यक्तिगत योगदान देना होगा। नल बंद रखना, वर्षा जल संचयन करना और जल-कुशल आदतें अपनाना जैसे छोटे लेकिन असरदार कदम बड़े बदलाव की दिशा में ले जा सकते हैं। उन्होंने अंत में कहा कि हर बूँद बचाना और भविष्य को संवारना हमारी सबसे बड़ी सेवा और सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।




दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा में 'पानी की कहानी' पुस्तक का लोकार्पण करते हुए।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस बात की जानकारी रेखा गुप्ता ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर दी, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल्ली में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में दिल्ली में हुए विकास कार्यों की प्रधानमंत्री ने सराहना की गई, जिनमें सेंट्रल विस्टा, भारत मंडपम, यशोभूमि, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, प्रधानमंत्री संग्रहालय, रैपिड रेल, टनल रोड और हाईवे नेटवर्क प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन योजनाओं के दिल्लीवासियों पर पड़े सकारात्मक प्रभाव का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिल्ली वासियों की सेवा में जुट जाने की प्रेरणा मिलती है। मुझे हमेशा प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन से दिल्ली और दिल्लीवासियों की सेवा में एक नई ऊर्जा, एक नए संकल्प से जुट जाने की प्रेरणा मिलती है। एक प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली का विकास किया जा रहा है।

## कोरोना से एक और मौत, 24 घंटे में 37 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के मामलों में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार को दिल्ली में कोरोना से एक ९० साल की महिला की कोरोना से मौत हो गई। अब तक मरने वालों की संख्या ८ हो गई है। वहीं कोविड के अब तक एक्टिव केस ६९१ सामने आई हैं। पिछले २४ घंटे में ३७ नए मामले आए, जबकि १२३२ मरीज ठीक हुए और १०४ मरीज २४ घंटे में ठीक हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार, बीते रविवार को दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस ६८६ हैं। रविवार को दिल्ली में कोरोना के २१ नए मामले सामने आए।

# भाजपा असंभव को संभव बना सकती हैः सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की संकल्प से सिद्धि यात्रा के 11 सफल वर्ष पूरे होने पर दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित कर कहा की भारत के इतिहास में यह पहली सरकार है जिसको लेकर जन जन का विश्वास है की 'मोदी है तो मुमकिन है' यानि यह सरकार असम्भव को भी सम्भव बना सकती है। संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की दिल्ली संयोजक सांसद कमलजीत सहरावत की मंच उपस्थिती में प्रेस कान्फ्रेंस का संयोजन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जिस स्थिति में दिल्ली की जनता ने अपने ११ साल काटे हैं वह अपने आप में काफी दुखदायी था। कोविड काल में जिस प्रकार से तत्कालीन दिल्ली सरकार ने सिर्फ ९७ लोगों को डेथ सर्टिफिकेट दिया है जबकि हम सब ने दिल्ली में देखा कि किस प्रकार से पूरी दिल्ली के शमसान भरे हुए थे। खेदपूर्ण है की दिल्ली सरकार ने उन मौतों को रिकॉर्ड पर भी नहीं लिया और उस वक्त अगर किसी ने हाथ थामा तो वह केन्द्र की मोदी सरकार ने थामा था।




संकल्प से सिद्धि यात्रा के 11 सफल वर्ष पूरे होने पर दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए।

## हवाई पॉड सिस्टम व फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें लाने की योजना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और बंगलूरू जैसे शहरों में हवाई पॉड सिस्टम और फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें लाने की योजना बनाई जा रही है। इन योजनाओं का मकसद शहरों में ट्रैफिक जाम से राहत दिलाना और यात्रियों के लंबे व थकाऊ सफर को आसान बनाना है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में बताया कि दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर के बीच सड़क पर भारी ट्रैफिक को देखते हुए वहां हवाई पॉड सिस्टम शुरू करने की योजना है। उन्होंने बताया कि यह पॉड सिस्टम हवा में चलेगा और इस पर काम शुरू किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, ष्हम धौला कुआं से मानेसर तक हवा में पॉड सिस्टम शुरू करना चाहते हैं क्योंकि इस सड़क पर बहुत अधिक यातायात है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तरह का एक अध्ययन बंगलूरू में भी किया जा रहा है। जो खास तौर पर बारिश के दौरान अपने भयंकर ट्रैफिक जाम के लिए बदनाम है। पॉड बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम में छोटे-छोटे ड्राइवर-रहित इलेक्ट्रिक वाहन होते हैं, जो ऊंचे ट्रैक पर चलते हैं। ये या तो ऊपर की रेल से लटकते हैं या उसके ऊपर चलते हैं।

## दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज दक्षिण थाना पुलिस और एएटीएस टीम ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से देसी और अंग्रेजी शराब के ६७६ पव्वे और बीयर की २१६ बोतलें बरामद की हैं। शराब तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली एक कार को भी कब्जे में लिया है।वहीं, आरोपितों की पहचान बक्सर, बिहार निवासी अजीत कुमार और महिपालपुर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है।

# गोयल ने की चांदनी चौक की विरासत को पुनर्जीवित करने को लेकर वैधानिक प्राधिकरण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली सरकार के गृह एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के साथ एक बैठक की, जिसमें चांदनी चौक के समग्र विकास और उसकी ऐतिहासिक गरिमा के पुनरुत्थान पर विस्तृत चर्चा हुई। गोयल ने मांग की, कि एनडीएमसी की तर्ज पर एसआर डीसी को मिले वैधानिक प्राधिकरण का अधिकार।

विजय गोयल ने कहा कि पुरानी दिल्ली (शाहजहानाबाद) विशेष प्रकार की चुनौतियों से जूझ रही है ख्र जैसे कि विरासत क्षरण, यातायात जाम, अतिक्रमण और प्रदूषण। इन सभी समस्याओं से प्रभावी रूप से निपटने के लिए एक सशक्त और समर्पित वैधानिक प्राधिकरण की आवश्यकता है।विजय गोयल ने कहा कि वर्तमान में, एसआरडीसी एक श्दंतहीन निगमश के रूप में काम कर रहा है, जिसके पास अपने कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक विधायी समर्थन, योजना नियंत्रण और प्रवर्तन शक्तियों का अभाव है।

गोयल ने कहा कि पुरानी दिल्ली (शाहज. हानाबाद) आज कई चुनौतियों का सामना कर रही है जैसे विरासत का क्षरण, यातायात जाम, अतिक्रमण और प्रदूषण । इन सभी समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, एक मजबूत और समर्पित वैधानिक प्राधिकरण की आवश्यकता है। गोयल ने कहा कि एक सशक्त ैत्क्ब प्राधिकरण कार्यों को एकीकृत करने और अनुमोदनों को सुव्यवस्थित करने मे महत्वपूर्ण कार्य करेगी ।गोयल ने विकास और संरक्षण को संतुलित करने में प्रोत्साहनों (पदबमदजपअमे) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य दिल्ली के हेरिटिज को बनाए रखना और संस्कृति-संचालित निवेशों को आकर्षित करना है। गोयल ने कई प्रमुख प्रोत्साहनों का प्रस्ताव भी रखा।गोयल ने ये भी कहा कि दिल्ली की अधिकांश विरासत संपत्तियाँ निजी स्वामित्व में हैं और पुनर्स्थापन के लिए संसाधनों या विशेषज्ञता की कमी से जूझती हैं। इसके समाधान हेतु उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण प्रोत्साहन उपाय सुझाए, जैसे:गोयल ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहन विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाने में मदद करेंगे, जिससे दिल्ली की विशिष्ट स्थापत्य पहचान बनी रहे और सांस्कृतिक निवेश को प्रोत्साहन मिले।

## होलंबी कलां में बनेगा 11.4 एकड़ में देश का पहला ई-कचरा ईको पार्क

**नई दिल्ली।** होलंबी कलां में ११.४ एकड़ में देश का पहला ई-कचरा ईको पार्क बनेगा। यहां ई-कचरे को ठिकाने लगाने के साथ ही हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उद्योग मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि इस पार्क में सालाना ५१,००० टन ई-कचरा १०६ श्रेणियों में संसाधित होगा।

इससे ३५० करोड़ रुपये से अधिक की आय होने की उम्मीद है। उद्योग मंत्री ने बताया कि उत्तरी दिल्ली जिले के नरेला सब डिवीजन में करीब १५० करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पार्क १८ महीनों में तैयार होगा। इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर बनाया जाएगा। दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव लपमेंट कॉरपोरेशन ने इसके लिए निविदा जारी करने का निर्णय लिया है।


**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर **ई-बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-20-2025 | दिनांक 20.06.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), सांपला (द्वितीय प्रवेश), सांपला (मुख्य प्रवेश), पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर), टोहाना, मुज़फ्फ़रनगर (साइकिल-स्कूटर-कार), गनौर (कार) = कुल 7 साइटें |
| Parking-21-2025 | दिनांक 23.06.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (PG Side)= कुल 1 साईट |
| Parking-22-2025 | दिनांक 25.06.2025 को 11:00 बजे | रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर) = कुल 1 साईट |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 36. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 37. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, 38. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता, 39. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण, 40. फण्ड का लियन मार्किंग, 41. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation), 42. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या-23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक:- 09.06.2025 1718/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

SHRIRAM Finance | SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट) मुम्बई-400 051, **फोन:** 022 4241 0400, 022 4060 3100; **वेबसाईट:** http://www.shriramfinance.in, **पंजीकृत कार्यालय:** श्री टॉवर्स, प्लॉट नं. 14ए, साऊथ फेज औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई- 600032, **शाखा कार्यालय:** यूजीएफ-12 से 21, अपर ग्राउंड फ्लोर, अंबा डीप बिल्डिंग, 14, के जी मार्ग, बाराखंभा, नई दिल्ली-110001.

**परिशिष्ट-IV-A | नियम 8(6) और 9(1) का प्रावधान देखें | अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**नोट: यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30-11-2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) & 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर/ओं को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को श्रीराम पफाइनेंस लिमिटेड (पहले श्रीराम सिटी यूनियन पफाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी रखा गया था। जिसका भौतिक कब्जा श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, ई-नीलामी में **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 15 जुलाई 2025 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे** के बीच बेचा जाएगा। जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है, उधारकर्ताओं और जमानतदारों से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और भार, उसके बारे में जानें, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना जमा और वेतन वृद्धि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गयारंटरों/बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) मैसर्स खान इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता) इसके द्वारा वकील खान बी-42, सेक्टर-10 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश- 201301 इसके अलावा: मकान नं. 152, हरोला, सेक्टर -5, नोएडा गौतम बुद्ध, उत्तर प्रदेश-201301. 2) श्री वकील खान (सह -उधारकर्ता/ गांरटर) मकान नं. 152, हरोला, सेक्टर -5, नोएडा गौतम बुद्ध, उत्तर प्रदेश-201301. 3) श्रीमति प्रवीन (सह -उधारकर्ता/गारंटर) मकान नं. 152, हरोला, सेक्टर -5, नोएडा गौतम बुद्ध, उत्तर प्रदेश-201301. 4) श्री समीर सैफी (सह -उधारकर्ता / गारंटर) मकान नं. 152, हरोला, सेक्टर -5, नोएडा गौतम बुद्ध, उत्तर प्रदेश-201301 5) श्री विशाल सदवाल (सह- उधारकर्ता / गारंटर) मकान नं. 750, सेक्टर-9, फरीदाबाद 121007. | रु. 7235404.1/- (रुपये बहत्तर लाख पैंतीस हज़ार चार सौ चार और एक पैसे मात्र) ऋण खाता के संदर्भ में RSSDLLP 2208040018 21 नवम्बर 2023 तक | रू. 3,04,40,400/- (रूपये तीन करोड़ चार लाख चालीस हज़ार चार सौ मात्र) बोली वृद्धि: रू. 25,000/- और ऐसे गुणंकों में | ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में नीचे उल्लिखित खाता विवरण में जमा की जानी है। बैंक का नाम- एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा - डॉ0 राधा कृष्णन सलाई, मायलापुर, चेन्नई बैंक खाता सं.- चालू खाता नं. 006010200067 449 IFSC CODE-UTIB0000006 | 15 जुलाई 2025 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | वेद प्रकाश मिश्रा + 91 9910144252 श्री देबज्योती + 91 9874702021 श्री राहुल शर्मा 9829077297 सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 06 जुलाई 2025 समय सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक |
| कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार | कानूनी शुल्क के साथ एफसीएल राशि रू. 89,50,882/- (रू. नवासी लाख पचास हज़ार आठ सौ बयासी मात्र) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रू.) | | | ज्ञात ऋण भार |
| 03-07-2025 - भौतिक कब्जा | | रू. 30,44,040/- (रू. तीस लाख चवालीस हज़ार चालीस मात्र) ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक: 14 जुलाई 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे | | | ज्ञात नहीं |

**सम्पत्ति का विवरण**

अनुसूची-1, प्लॉट नं. 42-बी, सेक्टर-10 आवासीय न्यू ओखला इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट एरिया, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, माप से युक्त 114 वर्ग मीटर। उक्त सीमाऐं:- उत्तर: प्लॉट नं 10-बी/43, दक्षिण: 24.14 मीटर चौडा रास्ता, पूर्व:- 18 मीटर चौड़ा रास्ता, पश्चिम: प्लॉट नं. एक्स- बी 81.

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 30 दिन का नोटिस

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को ई-नीलामी की तिथि यानी 15 जुलाई 2025 से पहले ऊपर बताई गई राशि के साथ-साथ नवीनतम ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।ऑनलाइन नीलामी हमारी तृतीय पक्ष नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://eauctions.samil.in) पर आयोजित की जाएगी और निविदा प्रस्तुत करने/बोली फॉर्म प्राप्त करने/निविदा खोलने और नीलामी के स्थान के लिए, कृपया वेबसाइट https://eauctions.samil.in पर जाएं और बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की वेबसाइट में दिए गए लिंक https://eauctions.samil.in/auction को देखें।

स्थान:- नोएडा (जिला गौतम बुद्ध नगर)
दिनांक:- 11.06.2025

हस्ताक्षर- अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ।

# घर में चल रहा नर्सिंग होम: डिलीवरी में नवजात की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा कांधला के गंगेरू रोड पर घर में चलाए जा रहे फर्जी नर्सिंग होम में डिलीवरी के दौरान बरती गई लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हो गई जबकि मां की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नवजात की मौत से गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा, वहीं चिकित्सक भी मौके से चंपत हो गई। परिजनों ने फर्जी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कस्बा कांधला के गंगेरू रोड पर एक महिला द्वारा अपने



मकान में फर्जी नर्सिंग होम संचालन किया जा रहा है। एलम निवासी एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी को नर्सिंग होम में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान फर्जी महिला चिकित्सक द्वारा बरती गई लाप. रवाही के चलते नवजात बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला की हालत भी बिगड गई, चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर होने पर हाथ खडे कर दिए तथा उसे दूसरे अस्पताल में ले जाने को कहा, नवजात की मौत व महिला की हालत गंभीर देखते हुए परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, उन्होंने चिकित्सक पर डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों के हंगामे को देखकर फर्जी महिला चिकित्सक मौके से फरार हो गई। परिजनों ने महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से कस्बे में दर्जनों फर्जी नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं जिनमें आए दिन घटना होती रहती है।

## एक अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

**शामली।** वर्ष 2016 में थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त जुल्फान पुत्र युसुफ निवासी तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली द्वारा रंगदारी वसूल करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त जुल्फान उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएसडी कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त जुल्फान को दोषी पाते हुए अभियुक्त को 7 वर्ष कारावास की सजा व 500/- रुपये का अर्थदंड तथा धारा 120 बी भादवि में 2 वर्ष के कारावास की सजा, अर्थदंड अदा न करने पर 3 दिवस का कारावास सुनाया।

# सौर ऊर्जा से बिल की समस्या से उपभोक्ता परेशान, समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** कस्बा गढ़ी पुख्ता निवासी अमित कुमार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 26 अक्टूबर 2024 को 2 किलोवाट सोलर पैनल स्थापित कराया था जिसमे विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नेट मीटर लगाया जाना था ताकि सौर पैनल के माध्यम से बिजली बिल में राहत मिल सके। प्रार्थी अमित कुमार ने अपने पत्र में बताया सौर पैनल लगने के बाद बिल की समस्या में वृद्धि हो गई।

अमित कुमार के अनुसार, उनके घर स्मार्ट मीटर लगा हुआ है जिसका महीने में 2 से 3 बार मोबाईल पर बिल आ जाता है जबकि विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर को नेट मीटर में परिवर्तित करना था विद्युत विभाग द्वारा उनके लगाए गए सोलर पैनल से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि बिजली बिल की अधिकता के कारण उन्हें अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनकी ऊर्जा की आवश्यकता सोलर पैनल से पूरी होनी चाहिए थी। इस संबंध में अमित कुमार ने विद्युत विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें सोलर पैनल के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राहत धन राशि प्रदान की जाए ताकि वे बिजली बिल के बढ़े हुए दामों से बच सकें। अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी शिकायत को एसडीओ, विद्युत जई, मीटर एई और डीएम ऑफिस तक भेजा है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। थक-हार कर उन्होंने 1912 और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कोई समाधान नहीं हो सका है ।उन्होंने कहा, ष्देश के माननीय प्रधानमंत्री और प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं कि उपभोक्ताओं को योजनाओं का लाभ मिल सके, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को लाभ के बजाय हानि का सामना करना पड़ रहा है।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम ( Yog for One Earth One Health) एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की सफल तैयारीयों के दृष्टिगत विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिक. री द्वारा अवगत कराया गया कि 15 जून से 20 जून तक योग सप्ताह एवं दिनांक 21जून 2025 को 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। बैठक में जिला. धिकारी द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2025) के सफल आयोजन व योग से संबंधित विभिन्न स्तर पर साप्ताहिक





कार्यक्रमों हेतु विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में दिनांक 15 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उद्घाटन समारोह हेतु हनुमान टीला धाम का चयन किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम सभा, ब्लॉक, तहसील, जिला, समस्त कार्यालयों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भी योग दिवस का कार्यक्रम होगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि योग सप्ताह के अंतर्गत जो भी एक्टिविटी होगी उसको आयुष कवच ऐप अथवा पोर्टल पर फोटो अपलोड किए जाएंगे। बैठक में एंबुलेंस आदि व्यवस्था हेतु सीएमओ का निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर अग्नि से सुरक्षा व्यवस्था हेतु फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2025 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय किसान इण्टर कालेज व वी.वी. इंटर कॉलेज में किसी एक का चयन करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी से कहा गया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रमों को शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित करने हेतु निर्देशित किया।आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डाद्द विधु शेखर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. इसमपाल, सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, एवं जनपद की योग संस्था एवं योग प्रशिक्षक आदि मौजूद रहे।

## खेत में घूमने गया युवक वापस नहीं लौटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** खेत पर घूमने गया युवक वापस नहीं लौटा। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुत्र को तलाश करने में मदद की गुहार लगाई है। नौनांगली निवासी योगेंद्र पुत्र धीरू ने थाने दी तहरीर में बताया कि शनिवार को करीब नौ बजे सुबह के समय उसका पुत्र हिमांशू उर्म करीब 14 वर्ष साईकिल पर सवार होकर खेत पर घूमने के लिए गया था, लेकिन लौटकर घर वापिस नही आया। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर अपने पुत्र को तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आज होगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु दिनांक 11 जून, 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अत: उक्त बैठक के आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), शामली (मो.-9454418995) को नामित किया गया है। बैठक के उपरांत सदस्य द्वारा जिला कारागार में महिला बैरिक का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है।

### शराब के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस ने पांच लीटर अवैध कच्ची शराब सहित सत्यवीर उर्फ सत्ता पुत्र नकली सिंह निवासी रज्जाकनगर थाना झिझाना शामली को गांव रज्जाक नगर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में शराब तस्कर ने बताया कि कच्ची शराब मैने एक चलते फिरते व्यक्ति से खरीदी थी और फुटकर मे बैच लेता हूं, जिससे कुछ कमाई हो जाती है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई की है।

### जांच कैंप में 51 मरीजों की जांच, 6 का ऑपरेशन के लिए चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हनुमान धाम चिकित्सालय द्वारा मंगलवार को निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अर्पणा हॉस्पिटल मधुबन करनाल के चिकित्सकों डा। किशन दत्त शर्मा, नेत्र चिकित्सक संदीप भारद्वाज ने 51 मरीजों की जांच कर 6 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिनका निशुल्क आपरेशन कराया जाएगा। कैंप में शुगर ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, रमेश धीमान, पुनीत द्विवेदी, रवि संगल, अमित प्रजापति, डा. महक सिंह वर्मा आदि रहे।

### ड्रिल कंपीटिशन में डेल्टा कंपनी को मिला पहला स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में चल रहे एनसीसी शि. विर के नौंवे दिन एनसीसी कैडेटों का ड्रिल कंपीटिशन कराया गया जिसमें डेल्टा कंपनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बालि. का कैडेटों के लिए खो-खो मैच भी कराया गया। जानकारी के अनुसार शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में 85 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के नौंवे दिन कैंप के प्रशासनिक अधिक. ारी ले। कर्नल सीपी भदौला के निर्देशन में एनसीसी कैडेटों का ड्रिल कंपीटिशन कराया गया जिसमें डेल्टा कंपनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में ले। आशीष कुमार, सूबेदार राघवेन्द्र सिंह, चीफ आफिसर नीरज कुमार, हवलदार कमल रहे। इंटर कंपनी वालीवाल मैच बालिका कैडेटों के बीच खो-खो प्रतियोगिता कराई गई, वहीं शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### एक अभियुक्त को सुनाया कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में चोरी के मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2014 में अभियुक्त मुनफैत पुत्र ताहिर निवासी बुडनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को उपरोक्त धारा में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 6000/- रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# चोरों को सामान सहित रंगे हाथ पड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सड़क किनारे से दवाई की पेटी लेकर चोर फरार दुकानदार उसके साथी ने चोर को पड़कर पुलिस को सौंपा। काशीपुर जिला सहारनपुर निवासी चेतन पुत्र महक सिंह ने थाने में तहरीर दी कि चेतन ननौता में पेस्टीसाइड की दुकान करता है। मंगलवार की देर सायं चेतन अपने साथी उज्जवल के साथ थाना भवन पेस्ट्रीसाइड दवाइयां लेने आया था। थानाभवन से लगभग 28000 रूपए कीमत की पेस्टिसाइड की दवाई दो पेटी में रखकर दोनों लोग गांव वापस जाने के लिए थानाभवन के मुख्य बस स्टैंड पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे कि अचानक मोके पर ही घात लगाकर बाइक सवार दो चोरो ने दवाई की पेटी चोरी कर बाइक पर रखकर फरार हो गए। दवाई की पेटी गायब देखकर चेतन ने शोर मचा दिया। जिसपर मोके पर खड़े लोगो व चेतन के साथी उज्ज्वल ने भाग कर दोनों चोरो को सामान सहित पड़कर लिया तथा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम जीशान पुत्र इरशाद व मोनिश पुत्र रशीद मोहल्ला कुरैशियांन ग्राम पक्कीगढ़ी, शामली बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान दवाई की पेटी बाइक बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चेतन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# गैंग बनाकर आतंक मचाने व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जलालाबाद निवासी एक महिला ने कस्बे के कुछ युवकों पर सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर आतंक मचाने व घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। पीडिता का आरोप है कि उक्त युवक उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मंगलवार को कस्बा जलालाबाद निवासी शफीकन अपने परिजनों के साथ पुलिस आफिस पहुंची तथा प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कस्बे के ही रहने वाले कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर गैंग बनाया हुआ है जो फिरौती लेकर लोगों को टारगेट करता है, टारगेट का नाम व फोटो के माध्यम से पहचान कराई जाती




**शामली। पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित।**

है और फिर सोशल मीडिया के माध्यम से बनाए गए गैंग के ग्रुपों में डालकर उसकी रेकी कराकर घटना को अंजाम दिया जाता है। उक्त युवकों को राजनैतिक संरक्षण हासिल है जिस कारण पुलिस भी उन पर कार्रवाई नहीं कर रही।

महिला ने आरोप लगाया कि 7 जून को उसके पुत्र अहसान के पास धमकी भरा फोन आया तथा उसके पुत्र को गंदेवडा संगम पर बुलाया तथा न आने पर पूरे मौहल्ले को शमशान बना देने की धमकी दी।

धमकी के बाद उसका पुत्र डरा सहमा हुआ है, तीन दिन पूर्व कुछ युवक उसके पुत्र को तलाश करने उसके घर में घुस आए तथा परिजनों के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीडित महिला ने एसपी से जानमाल की सुरक्षा व आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जनपद में बढ़ते प्रदूषण पर जताई चिंता

## भारतीय मजदूर संघ ने डीएम से की तत्काल उपाय करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय मजदूर संघ ने शामली जनपद में बढ रहे प्रदूषण पर चिंता जताते हुए डीएम से प्रदूषण की रोकथाम के उपाय किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कोई तरह की समस्याओं से जूझना पड रहा है। शामली जनपद में भी वर्तमान में प्रदूषण की स्थिति गंभीर है। वृक्षारा. ेपण कम हो रहा है, इस कारण तापमान में भी हर साल बढता जा रहा है। उन्होंने शामली जिले में बढते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान देने, सभी प्रमुख स्थलां पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलैक्ट्रोनिक बोर्ड लगवाने, नाला नदी के पानी को प्रदूषित हाने से बचाने के उचित उपाय करने, अनावश्यक पेडों की कटाई पर रोक लगाई जाए, वृक्षारा. ेपण पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाए, सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए, जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने, शहरों से निकलने वाले कचरे के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था करने, जनपद शामली में नई सडक व नए




बाईपास बनने के कारण प्रमुख बाईपास पर अधिकतर दिशा सूचक नहीं है, वहां दिशा सूचक लगवाने, प्रत्एक बाईपास पर लाल व हरा ट्रैफिक सिगनल लगाने, जिले में हर वर्ष वृक्षारोपण तो होता है लेकिन इसके बाद पेडों की देखभाल नहीं हो पाती, इसलिए वृक्षारोपण के बाद पेडों की देखभाल करने की मांग की। इस मौके पर विनोद कुमार, विमला शर्मा, आदेश कुमार, सुमंत तिवारी, कर्मबीर, अनिल धीमान, बालम सिंह, ईनाम अली, तुर्सन पाल, विनोद, ओमवीर, प्रदीप, रमेश गर्ग, अरूण, राजेन्द्र शर्मा, श्यामलाल आदि भी मौजूद रहे।

# दीपक सैनी बने विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने शामली के दीपक सैनी को संगठन का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। मंगलवार को दीपक सैनी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। मंगलवार को कैराना रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का



आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा शामली निवासी दीपक सैनी को संगठन का प्रदेश मंत्री मनोनयन का पत्र सौंपा गया। दीपक सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रांत हस्तिनापुर अध्यक्ष पंकज वालिया, जीवन ज्योति अरोड़ा, रविंद्र कालखंडे, चरणपाल सिंह, महावीर सैनी, शौर्य गिरी, अशोक सैनी, राहुल शर्मा, विनोद सेन, मोनू पाल, आशा सभरवाल,गीता रानी, आलोक भटनागर, राधेश्याम सैनी, आनंद सैनी कांधला, रामपाल सैनी , आदि मौजूद थे।

# सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं दर्जनों लोग, एसडीएम को पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मौहल्ला शैखामैदान वार्ड 12 के लोगों ने फिर से एसडीएम को अलग अलग पत्र देकर अवगत कराया कि वर्ष 2017 से यहां के लोग सरकारी सुविधाओं से लेकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अपने वोट के अधिकार से वंचित हैं। लोगों ने कस्बे से अलग थलग पड़े मोहल्लों को फिर से नगर पंचायत में जोड़ने की गुहार लगाई। मंगलवार को मोहल्ला निवासी शाहनवाज, नवाब ने उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को अलग अलग पत्र देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2017 में नगर पंचायत चुनाव में मोहल्ला वासियों की वोट यह कहते हुए काट दी थी कि तुम गांव जमालपुर के रकबे में हो। उक्त बस्ती के करीब



22 सौ वोट हैं, लेकिन 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपने मत-अधिक. ार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सभी बस्ती के लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज नगर पंचायत झिंझाना के ही बने हुए हैं तथा नगर पंचायत द्वारा 2017 से पूर्व पूरे वार्ड में विकास कार्य भी कराया गया था तथा नगर पंचायत द्वारा जल कर व गृह कर आदि भी प्राप्त किया जाता रहा था, लेकिन वर्ष 2017 से बाद उक्त वार्ड 12 मौहल्ला शैखामैदान, सलारा, ज्ञानपुरी को अलग-थलग किया हुआ है, जिस कारण कोई विकास कार्य भी उक्त बस्ती में नहीं हो पा रहा है। हालाकि नगर पंचायत सप्ताह में एक बार उक्त मोहल्लों में सफाई कर्मी भेजकर साफ सफाई कराता है।

नवाब ने उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को अलग अलग पत्र देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2017 में नगर पंचायत चुनाव में मोहल्ला वासियों की वोट यह कहते हुए काट दी थी कि तुम गांव जमाल. पुर के रकबे में हो। उक्त बस्ती के करीब 22 सौ वोट हैं, लेकिन 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपने मत-अधिकार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सभी बस्ती के लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज नगर पंचायत झिंझाना के ही बने हुए हैं तथा नगर पंचायत द्वारा 2017 से पूर्व पूरे वार्ड में विकास कार्य भी कराया गया था तथा नगर पंचायत द्वारा जल कर व गृह कर आदि भी प्राप्त किया जाता रहा था, लेकिन वर्ष 2017 से बाद उक्त वार्ड 12 मौहल्ला शैखामैदान, सलारा, ज्ञानपुरी को अलग-थलग किया हुआ है, जिस कारण कोई विकास कार्य भी उक्त बस्ती में नहीं हो पा रहा है। हालाकि नगर पंचायत सप्ताह में एक बार उक्त मोहल्लों में सफाई कर्मी भेजकर साफ सफाई कराता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण का सुनपुरा में चला बुल्डोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम सुनपुरा में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध निर्माण करने की कोशिश रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम मंगलवार को सुनपुरा गांव में कार्रवाई की। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि कालोनाइजर ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया ग्राम सुनपुरा के खसरा संख्या--429 की लगभग 20000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई, लेकिन कालोनाजर चोरी-छिपे बनाने की कोशिश कर रहे। मंगलवार को परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह, विशेष कार्याधिकारी जितेंद्र गौतम, वर्क सर्किल दो के प्रभारी सन्नी यादव, वर्क सर्किल -7 के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा, प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार कुशवाहा, नितीश कुमार, अभिषेक पाल, विवेक किषोर व अन्य स्टाफ ने मिलकर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने 06 जेसीबी और 5 डंपर की मदद से तीन घंटे में कार्रवाई संपन्न की। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 40 करोड़ रुपये से अधिक होने का आकलन है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि सुनपुरा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। प्राधिकरण की अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने लोगों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।



# बिजली घर पर किसान यूनियन का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में भारतीय किसान यूनियन महासभा ने मंगलवार को बिजली घर पर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष वाहिद भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अच्छेजा बुजुर्ग गांव और मिर्जापुर टाउन एरिया की बिजली समस्याओं को लेकर विरोध जताया।

कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इसमें पिछले 15 दिनों से खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को 24 घंटे के अंदर बदलने की मांग की गई है। मिर्जापुर टाउन एरिया में खंभे लगे होने के बावजूद बिजली लाइन नहीं बिछाई गई है।

गर्मी के मौसम में बिजली की कमी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में डॉ. ताहिर, मुजाहिद एडवोकेट, मौसम खान, अंसार भाटी, राशिद पहलवान, असलम खान, फरमान खान, जीशान खान, आरिफ अली, अरशद खान, शान मोहम्मद और ताजू सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# एक दिन में सर्वाधिक 52 कोरोना संक्रमित मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कोरोना की रफ्तार तेज हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को एक दिन में सबसे अधिक 52 कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि की। नए मरीजों में चार का इलाज अस्पताल और अन्य का होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया गया है। इन मरीजों में सर्दी-जुकाम और बुखार के लक्षण थे। जिले में कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या अब 274 हो गई है। अस्पताल और होम आइसोलेशन से 129 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। अब भी 145 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिले की संक्रमण दर 15 प्रतिशत है। 10 दिन पहले छिजारसी की एक साढ़े तीन साल की बच्ची की मौत दिल्ली के अस्पताल में हुई थी।

वह डिहाइड्रेशन और निमानिया से भी पीड़ित थी। जांच में उसकी कोरोना पॉजिटिव आई थी। स्वास्थ्य विभाग के जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि नए मरीजों में कोई भी गंभीर नहीं है। सभी में कोरोना संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों से प्रत्येक दिन बातचीत की जा रही है।

अस्पताल प्रबंधन को भी ऐसे मरीजों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना संक्रमण से घबराने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण से घबराने की बात नहीं है। इलाज और एहतियात बरतने की जरूरत है। जिला अस्पताल में निशुल्क जांच की सुविधा है। साथ ही, मरीजों में सामान्य लक्षण दिख रहे हैं। जो एक हफ्ते में खत्म हो जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण की पुष्टि पर जिला अस्पताल में इलाज की सुविधा है। यहां अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है।

# नोएडा से अपहरण के 10 साल बाद मिला बच्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने 10 साल पहले गायब हुए बच्चे को उसके परिवार से मिला दिया। जब बच्चे का अपहरण हुआ था वो महज सात साल का था। बच्ची की बरामदगी हरियाणा के सूरजकुंड से की गई। बच्चे को बरामद किया गया तब उसे सिर्फ माता पिता का नाम याद था। पुराने एफआईआर दस्तावेज खंगालने के बाद बच्चे के पिता के मित्र की जानक. ारी मिली। उनसे संपर्क किया गया । बच्चे की शारीरिक पहचान बताई गई। जिसके बाद बच्चे को उनके माता पिता के सपुर्द किया गया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 6 नवंबर 2015 को बच्चा परिवार के साथ गेझा गांव में रहता था। घर के बाहर खेल रहा था अचानक वहां से गायब हो गया। 8 नवंबर 2015 को थाना फेज-2 मुकदमा दर्ज किया गया। बच्चे की तलाश की गई। करीब 7 साल तक बच्चे की तलाश की गई। वो नहीं मिला जिसके बाद 20 दिसंबर 2022 में फाइल रिपोर्ट लगाकर केस को बंद कर दिया गया। इधर बच्चे का परिवार अपने पैतृक निवास मैनपुरी चला गया।



**फरीदाबाद में अपहरण से खुला केसः** डीसीपी ने बताया कि 28 मई 2025 को थाना सूरजकुंड जनपद फरीदाबाद हरियाणा पर एक अन्य बच्चे की किडनेपिंग का मुकदमा दर्ज किया गया। हरियाणा पुलिस ने जांच पड़ताल की 2 जून 2025 को आरोपी मंगल कुमार को गिरफ्तार किया गया । और खोए हुए बच्चे को बरामद कर लिया। इस दौरान सूरजकुंड पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। उसने बताया कि एक और बच्चा कई साल पहले उसने नोएडा से किडनैप करके लाया था। पुलिस ने उस बच्चे को बरामद किया।

**नोएडा पुलिस को दी जानक. ारीः** सूरजकुंड पुलिस ने ये जानकारी नोएडा कमिश्नरेट को साझा की। जिसके बाद यहां थानों में फाइलों को खंगाला गया। जो नाम हरियाणा पुलिस ने बताया कि था उस नाम का कोई भी केस यहां दर्ज नहीं था। ऐसे में आरोपी ने जिस साल की बात की। उस दौरान के केस खंगाले गए। थाना फेज-2 का एक केस मिला। जिसमें किडनैपिंग का पैटर्न और बच्चे के द्वारा बताया गई लोकेशन की जानकारी मिली। पुलिस को शक था कि ये वही बच्चा है जिसे गेझा से किडनैप किया गया।

**छह घंटे से बच्चे से की बात. चीतः** पुलिस ने बच्चे को थाना फेज-2 थाना बुलाया। वहां उससे प्यार से समझा बुझा कर छह घंटे तक बातचीत की। बच्चे ने अपने माता-पिता का नाम बताया। ये भी पता लगा कि बच्चे का असली नाम हिमांशु था जिसके नाम पर केस था और वहां बदलकर इसका नाम प्रियांशु कर दिया गया। पुराने नाम से फाइलों को खंगाला गया। तब केस की जानकारी स्पष्ट हो गई। केस पर नाम बच्चे के पिता का नहीं बल्कि उसके पिता के मित्र का था। जो अब नोएडा नहीं बल्कि आगरा में रह रहे है।

**नोएडा पुलिस ने आगरा किया संपर्कः** डीसीपी ने बताया कि इतनी जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस ने आगरा में संपर्क किया और बच्चे के मूल माता-पिता की जानक. ारी ली। वो भी नोएडा में नहीं मिले। वो अब मैनपुरी रहने लगे थे। माता पिता को बच्चे के बारे में जानकारी दी गई। उनको विश्वास नहीं हुआ। इसके बाद बच्चे के शारीरिक हुलिया के बारे में माता-पिता से पूछा।

**कटी उंगली और घाव से हुई पहचानः** माता-पिता ने बच्चे की दाहिने हाथ की कटी उंगली और बाय आंख के नीचे एक घाव का निशान के बारे में जानकारी दी। दोनों चिन्हों का मिलान हो जाने पर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोनों को नोएडा बुलाया गया। माता-पिता ने इसकी जानकारी बच्चे के बड़े भाई को दी। इसके बाद भाई, चाची व जीजा थाना फेस-2 पर आए और सबसे पहले तो बच्चे के हाथ की कटी उंगली देखाी। और लिपटकर रोने लगे। जिसके बाद बाद बच्चे ने अपने बड़े भाई को पहचान लिया।

# महिला समेत दो पत्रकार ब्लैकमेलिंग और अवैध उगाही के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 पुलिस ने एक चौनल के एंकर और एक डिजिटल मीडिया के एंकर को ब्लैकमेलिंग और अवैध उगाही करने के सिंडिकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।आरोप है कि दोनों आरोपियों ने डॉक्टर जगदीश चंद्रा से जयपुर में मिलकर उन्हें धमकी दी थी। पुलिस इस बात का पता लग रही है कि क्या इस मामले में कुछ और पत्रकार शामिल हैं।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जगदीश चंद्रा ने थाना सेक्टर-58 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका सेक्टर-62 में एक चौनल है, जिसका नाम भारत-24 है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके यहां एंकर के रूप में काम करने वाली शाजिया निसार उन्हें ब्लैकमेल कर रही है, तथा अब तक करोड़ों रुपया वसूल चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच की तथाएंकर



साजिया निसार और अमर उजाला के डिजिटल शाखा में पदस्थ एंकर आदर्श झा को अवैध उगाही और ब्लैकमेलिंग के सिंडिकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों को नोएडा के गौतम बुद्ध नगर के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि साजिया निसार के घर से पुलिस ने 34 लाख 50 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक चौहान ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़ित पक्ष की तरफ से थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। उनके अनुसार गिरफ्तार साजिया ने कोर्ट में हंगामा किया और पुलिस अधिकारियों पर कई आरोप लगाए। अभियुक्तगणों ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में भारत 24 चौनल की तरफ से तीन मुकदमे दर्ज करवाए जा चुके हैं। पहला मुकदमा चौनल के एमडी व ग्रुप एडिटर द्वारा, दूसरा कंसल्टिंग एडिटर अनीता हांडा द्वारा और तीसरी एचआर हेड अनु श्रीधर द्वारा दर्ज करवाया गया है। बताया जाता है कि साजिया निसार चौनल के उच्च सदस्य लोगों को बलात्कार और यौन उत्पीड़न जैसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर वसूली कर रही थी। उसने चौनल प्रबंधन के खिलाफ गंभीर व झूठे आरोप लगाए, जिसकी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। शुरुआत में उसने 5 करोड़ की डिमांड की थी, धीरे-धीरे उसने 65 करोड रुपए के डिमांड की।

## एक नजर

### बिल्डर कंपनी के निदेशक समेत पांच पर केस

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट में आवासीय परियोजना बना रहे बिल्डर पर निवेशक ने रुपये लेने के बाद भी फ्लैट रद्द करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बिल्डर बायर्स एग्रीमेंट पर भी हस्ताक्षर नहीं किए गए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बिल्डर कंपनी के निदेशक समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16बी में रहने वाले दीपक शर्मा ने न्यायालय को बताया कि उनके पिता ने वर्ष 2021 में बिल्डर की परियोजना में फ्लैट बुक किया था। पीड़ित के पिता ने बिल्डर को 12 लाख 98 हजार 600 रुपये चेक के माध्यम से भुगतान कर फ्लैट की बुकिंग की थी। इसके बाद पीड़ित से बिल्डर बायर्स एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करा लिए गए, लेकिन बिल्डर द्वारा इस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। कुछ दिन बाद पीड़ित को पता चला कि उनका फ्लैट रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित ने बिल्डर से मुलाकात की। आरोप है कि पीड़ित बाप-बेटे को बंधक बनाकर पीटा गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद दोनों को छोड़ा गया, लेकिन पुलिस ने इस मामले में बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

### खेत पर जा रहे युवक के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के दतावली गांव में युवक ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और कनपटी पर पिस्तौल लगाकर धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक दतावली गांव में आबिद परिवार के साथ रहता है। आबिद ने पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार को वह घर से खेत की तरफ जा रहा था। इसी बीच रास्ते में संकेत ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। उसने कनपटी पर पिस्तौल लगाकर धमकी भी दी।ग्रामीणों ने किसी तरह उसको बचाया। कोतवाली प्रभारी का कहना कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में मलबे का ढेर मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर पर 50 हजार का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती और वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह ने मंगलवार को सेक्टर-36 का दौरा किया। सेक्टर में कई जगह रोड किनारे मलबे (सी एंड डी वेस्ट) का ढेर मिला। महाप्रबंधक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम से नाराजगी जताई और सेक्टर से सी एंड डी वेस्ट उठाने के लिए जिम्मेदार कंपनी राइज इलेवन कंक्रीट प्रोडक्ट्स पर 50 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई है। इस रकम की कटौती कॉन्ट्रैक्टर के अग्रिम भुगतान से की जाएगी। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर को सेक्टर से नियमित मलबा उठवाने और रोस्टर जारी करने को कहा है। दोबारा निरीक्षण के दौरान मलबे का ढेर मिला तो कॉन्ट्रैक्टर को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सेक्टरों का निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा। ग्रेटर नोएडा में कंस्ट्रक्शन मलबे को उठाने के लिए हेल्पलाइन नंबर भी है। यह नंबर 9870308811 है। यह राइज इलेवन कंपनी का नंबर है। अपने घर के कंस्ट्रक्शन मलबे को उठवाने के लिए इस नंबर पर सूचना दी जा सकती है।

### शहर में पांच स्थानों पर पार्किंग शुरू करने की तैयारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में पांच स्थानों पर पार्किंग शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। स्थानों पर वाहन खड़े होने से यातायात बाधित होता है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि क्लस्टर-4 के अंतर्गत पार्किंग शुरू की जानी है। इस क्लस्टर के अंतर्गत सेक्टर-81, फेज-2, सेक्टर-83, सेक्टर-88 में पार्किंग शुरू होगी। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण ने क्लस्टर-6 के अंतर्गत सेक्टर-80 के भूखंड संख्या-बी-46 में खाली जगह में पार्किंग शुरू करने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित स्थानों पर पार्किंग की सुविधा शुरू नहीं होने से यातायात बाधित होता है। ऐसे में इन जगह पार्किंग शुरू होने से व्यवस्था बेहतर हो जाएगी। इनके अलावा वर्क सर्किल-4, 5, 6 एवं सात के अंतर्गत साइनेज बोर्ड लगाने क लिए भी टेंडर जारी किया गया है।

### ग्रेटर नोएडा में अवैध रेहड़ी-पटरियों को ग्रेनो प्राधिकरण ने किया जब्त

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से अवैध रूप से लग रही रेहड़ी-पटरी वालों पर कार्रवाई की गई। अर्बन सर्विस विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज कुमार सचान के नेतृत्व में टीम ने टेकजोन-4 की मेफेयर सोसाइटी की शॉपिंग काम्प्लेक्स के सामने अवैध रूप से लग रही एक दर्जन ठेली-पटरियों को हटाया गया और सभी को चेतावनी भी दी गई कि दोबारा अवैध रूप ठेलियां लगीं तो जब्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की टीम ने सेक्टर ईकोटेक थ्री में रोड पर कार्य कर रहे फैब्रिकेटर्स को भी हटाया गया।

## स्वास्थ्य विभाग को छह डॉक्टर मिले, नौ अगले हफ्ते पदभार संभालेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग को छह नए डॉक्टर मिल गए हैं। सोमवार को इन डॉक्टरों ने पदभार संभाल लिया। नौ डॉक्टर अगले हफ्ते पदभार संभालेंगे। जिले में चलने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत इनकी ड्यूटी लगाई गई है। जिले में केंद्र और प्रदेश सरकार के कई स्वास्थ्य कार्यक्रम चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए 15 डॉक्टरों की जरूरत थी। स्वास्थ्य विभाग ने करीब दो हफ्ते पहले डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किए थे। एक हफ्ते बाद इनके चयन की सूची जारी की गई थी। इनमें से छह डॉक्टरों ने पदभार ग्रहण किया है। 17 जून तक नौ डॉक्टर पदभार संभालेंगे।

सभी डॉक्टर संविदा पर लिए गए हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण तीन महीने पहले प्रदेश रैंकिंग में जिला काफी पिछड़ गया था। पिछले महीने से रैंकिंग में सुधार हुआ है। डॉक्टरों के आने से रैंकिंग और भी बेहतर होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मंजीत कुमार ने बताया कि नौ डॉक्टर ज्वाइनिंग फॉर्म लेकर गए हैं। निर्धारित तिथि से पहले सभी के पदभार ग्रहण करने की उम्मीद है। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टरों ने पदभार लिया नोएडा। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के लिए भी 15 प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर समेत अन्य डॉक्टरों का चयन किया गया था। इनमें से कई ने पदभार ग्रहण कर लिया है। अन्य डॉक्टर भी जल्द पदभार लेंगे। मेडिकल कॉलेज में इसी सत्र से 50 सीट पर एमबीबीएस कोर्स शुरू होने वाला है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन तैयारी में जुटा है।

# ग्रेटर नोएडा की लिफ्ट में फंसा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को श्सीनियर सिटिजन सोसाइटीश की लिफ्ट में एक ही परिवार के 6 लोग फंस गए। इन लोगों ने 112 पर कॉल की। जिसके 45 मिनट बाद च्त्ट टीम मौके पर पहुंची। लेकिन, बाहर निकालने में करीब 45 मिनट लग गए।

इस दौरान परिवार के लोग अंदर छटपटाते रहे। एक-दूसर को हौसला देते रहे। कभी जमीन पर बैठते, कभी खड़े होते। परिवार के लोग बोलते रहे-श्ये भगवान हमें बचा लोश। इस दौरान चिल्लाते रहे। जल्दी से प्लीज हमें बाहर निकालो। सभी को एक-एक कर सुरक्षा टीम ने बाहर निकाला। बीटा-2 थाना क्षेत्र में श्सीनियर सिटिजन सोसाइटीश है। मुकेश शर्मा के बेटे शिवम और बेटी तरुषी यहां रहते हैं। मुकेश मेरठ के मेपल्स पब्लिक स्कूल में प्रिंसिपल है। 9 जून को मुकेश शर्मा, पत्नी अंजनी शर्मा, बेटे शिवम, बेटी तरुषी, नाती



मीनू और आदित्य के साथ वृंदावन गए थे।

वहां से 10 जून की सुबह सभी लौटे थे। मुकेश शर्मा ने बताया-सुबह तड़के साढ़े तीन बजे वो सभी लोग लिफ्ट के अंदर गए। उनका रूम सेकेंड फ्लोर है। तभी कुछ देर चलकर अचान से लिफ्ट बंद हो गई।

# महाकवि कालिदास पुस्तकालय का विधायक व सीईओ ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज में ज्ञान, साहित्य और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए मंगलवार को एक नई पहल शुरू की गई। इस पहल के तहत आज महाकवि कालिदास पुस्तकालय का जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह एवं यीडा सीईओ डा. अरुण वीर सिंह की मौजूदगी में भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। महाकवि कालिदास पुस्तकालय की स्थापना यमुना प्राधिकरण के सौजन्य से की गई है। जिसमें 35 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी तथा 6 माह में बनकर तैयार हो जाएगी।

इस पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ साहित्यिक विरासत से भी जोड़ना है। यह पुस्तकालय छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

पुस्तकालय के भूमि पूजन के अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की दिशा तय होती है। विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थापना से नई सोच और जागरूकता का विस्तार होगा। यह पुस्तकालय सांस्कृतिक और साहित्यिक पहचान भी देगा। इस मौके पर विधायक ने पुस्तकालय में शैक्षिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विषयों पर आधारित पुस्तकें उपलब्ध कराए जाने की भी घोषणा की। यीडा सीईओ डा. अरुण वीर सिंह ने कहा कि यमुना प्राधिकरण का प्रयास है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय सामाजिक और शैक्षिक विकास को भी प्राथमिकता दी जाए। यह पुस्तकालय उसी दिशा में एक छोटा, लेकिन मजबूत कदम है। कार्यक्रम के दौरान यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह, सीनियर मैनेजर बीपी सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# निवेश कराने का झांसा देकर कारोबारी से 78 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कारोबारी से 78 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने एक महीने तक पीड़ित से 16 बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-77 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी निवासी पीयूष कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि इसी साल 20 अप्रैल को हनन देलवी और इशिता पॉल ने उनसे फोन पर संपर्क किया। हनन ने खुद को जिरोधा कंपनी का वरिष्ठ अधिकारी बताया।

इशिता ने अपनी पहचान हनन के सहायक के तौर पर बताई। दोनों ने सेबी के पंजीकृत ऐप के बारे में जानकारी दी। खुद के दिशा-निर्देश में दोनों ने आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश करने पर जोर दिया। इस दौरान पीयूष को एक लिंक और ऐप डाउनलोड कराया गया। उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप में भी जोड़ दिया गया। पीयूष ने कम रकम निवेश की तो उस पर मुनाफा हुआ। ऐसे में उन्हें लगा कि हनन और इशिता के बताए




अनुसार अगर निवेश किया जाए तो भारी मुनाफा हो सकता है। पीयूष ने दोनों पर विश्वास कर 28 अप्रैल से 28 मई तक 16 बैंक खातों में 49 लाख रुपये निवेश कर दिए। ठगों द्वारा डाउनलोड कराए गए ऐप पर पोर्टफोलियो 1.15 करोड़ रुपये दिखाने लगा। पीयूष ने मुनाफे समेत सारे रुपये निकालने चाहे तो ठगों ने 30 प्रतिशत कर के रूप में 17 लाख रुपये की मांग कर दी। इसे जमा करने पर 11 लाख रुपये और कर के रूप में जमा कराए गए। दो बार कर में रूप में रकम ट्रांसफर करने के बाद भी जालसाज नहीं माने और पीयूष पर अतिरिक्त रकम निवेश करने का लगातार दबाव बनाते रहे। शिकायतकर्ता से कहा गया कि अगर उसने बताए गए आईपीओ और शेयर मार्केट में निवेश नहीं किया तो एक भी रुपये वापस नहीं मिलेंगे। इसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। उसने जब सारे रुपये वापस करने को कहा तो ठगों ने संपर्क तोड़ लिया।

कई दिन तक प्रशिक्षण दिया पीड़ित को जानकारी करने पर पता चला कि उसे जो ऐप डाउनलोड कराया गया था, उसमें रकम आभासी तरीके से बढ़ती दिख रही थी। वास्तविकता से उसका कोई लेना देना नहीं था। ठगी की रकम को पुलिस फ्रीज और होल्ड कराने का प्रयास कर रही है। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि ठगों ने उसे कई दिनों तक निवेश संबंधी प्रशिक्षण भी दिया। ठगों ने जिस कंपनी में निवेश कराया, उसे सेबी से रजिस्टर्ड होना बताया। ठगी के इस मामले में चार कथित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। तीन दिन में तीन लोगों से जालसाजी बीते तीन दिनों में साइबर थाने में तीन शिकायतें आई हैं। सभी में ठगों ने निवेश के नाम पर कारोबारी, अधिकारी और इंजीनियर के साथ करोड़ों रुपये की ठगी की। तीनों मामले में ठगी का तरीका लगभग एक जैसा ही रहा। डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि कोई भी कंपनी या शेयर बाजार ऐसा नहीं है, जहां निवेश करके कुछ ही दिन में रकम दो से तीन गुनी हो जाती हो। अगर कोई ऐसा प्रलोभन या झांसा देता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर निवेश न करें। अगर कोई अनजान व्यक्ति किसी अनजान ग्रुप में जोड़ता है तो उससे इसका कारण पूछें। जिस कंपनी में निवेश कर रहे हैं, उसका बैकग्राउंड अवश्य जांच लें। पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके 29 मार्च 2025: आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर नोएडा के इंजीनियर से 97 लाख रुपये ठगे गए 13 फरवरी 2025: जालसाजों ने निवेश पर मोटा मुनाफे कमाने का झांसा देकर साइबर एक व्यक्ति से 55 लाख ऐंठे 3 मार्च 2025: शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 51.50 लाख की ठगी, ठगों ने ज्यादा मुनाफे का लालच दिया था 21 मई 2025: शेयर बाजार में निवेश के नाम पर महिला से ठगी का मामला सामने आया। कई खाते में रकम ट्रांसफर हुई।

# ग्रेटर नोएडा बार एसोसिएशन अध्यक्ष समेत 20 पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और उनके साथियों के खिलाफ एक अधिवक्ता से मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। सूरजपुर थाने में दर्ज मुकदमे में बार के अध्यक्ष परमेन्द्र भाटी समेत पांच नामजद और 15-16 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

मामला सोमवार को आम सभा के दौरान हुई मारपीट से जुड़ा है। अधिवक्ता संदीप भाटी ने बार अध्यक्ष और अन्य लोगों पर मारपीट का आरा. ेप लगाया था। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने सूरजपुर थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे। वकीलों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने संदीप भाटी की तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया। थाने पर आला अधिकारी भी पहुंचे। पुलिस अब मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**


# खनन माफियाओं के खिलाफ खनन विभाग की कार्रवाई

## धौलाना व पिलखुवा में खनन की सूचना पर की छापेमारी, जेसीबी मशीन व एक डंपर किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध खनन करने वालों के खिलाफ खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। खनन विभाग ने धौलाना व पिलखुवा क्षेत्र में देर रात खनन की सूचना पर छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन और एक डंपर को जब्त कर सिखेड़ा पुलिस चौकी पर सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात खनन विभाग के अधिका. रियों को अवैध खनन की सूचना मिली। सूचना के आधार पर खनन विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध खनन में करते हुए एक





जेसीबी व डंपर को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा कराया गया। खनन अधिकारी नीलू शर्मा ने बताया कि विभाग को बीते कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि धौलाना और पिलखुवा क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने छापेमार कार्रवाई के दौरान अवैध खनन करते हुए मौके से एक जेसीबी मशीन और एक डंपर को जब्त कर सिखेड़ा पुलिस चौकी पर सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के मालिकों की जानकारी एकत्र की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। अवैध खनन में लिप्त पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# गृहकलेश के चलते विवाहिता ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में गृहकलेश से तंग आकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को अपने कब्ज़े में लें लिया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नानपुर में एक 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवती ने करीब सात महीने पहले नानपुर निवासी एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। परिवार के खिलाफ जाकर, अपनी मर्जी से शादी करने वाली युवती ने एक सुखी जीवन का सपना देखा था, मगर ये सपना अधूरा रह गया। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला है कि युवती का अपने ससुराल में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। इन्हीं घरेलू विवादों से मानसिक रूप से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच कर रही है।

# हत्या के मामले में फरार बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस की चैकिंग के दौरान हत्या के मामले में फरार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्ज़े से एक अवैध तमंचा जिन्दा व खोखा कारतूस व एक बिना नम्बर प्लेट स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पिलखुवा पुलिस द्वारा जटपुरा चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक स्प्लेंडर मोटर साईकिल पर सवार दो संदिग्ध दतेड़ी की तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस ने ज़ब उन्हें रुकने का इशारा किया तो बाइक सवार पुलिस को देख कर



भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस की एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

जबकि बदमाश का एक अन्य साथी मौका पाकर फरार हो गया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम कैफ उर्फ चीनी पुत्र गुलशेर निवासी निशातग. ंज जीवनगढ़ थाना क्वार्सी बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ जनपद अलीगढ़ में हत्या, लूट, हत्या का प्रयास आदि के करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

## आखिर खाली हो गया सरकारी आवास

**नवाबगंज।** पिछले काफी दिनों से चली आ रही शिकायत का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। एक सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर तहसीलदार ने सरकारी आवास संग्रह अमीन से खाली करा लिया। तहसील के सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर द्वारा जिले के आला अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री और राजस्व परिषद को शिकायती पत्र भेजकर नगर में निजी आवास होने के बाद भी तहसील के संग्रह अमीन महेंद्र सिंह पर सरकारी आवास पर जमे होने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी।

# अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



**हापुड़।** पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम दतेड़ी गेट के पास चेकिंग कर रही थी, तभी उन्हें एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ। गांजा तस्कर की पहचान पंकज पुत्र ऋषिपाल निवासी सरावा, हैदरनगर, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।

## एक नजर

### युवा उद्यमी विकास योजना युवाओं के लिए नया अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना। यह योजना उन युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं।

इस योजना के तहत, 8वीं कक्षा उत्तीर्ण और 21 से 40 वर्ष की आयु के युवा ब्याज-मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) या सेवा क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने के लिए दिया जाएगा, जिसमें फूड प्रोसेसिंग, होम केयर प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल, पेपर एंड अलाइड प्रोडक्ट्स, वुड एंड वुड प्रोडक्ट, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स, स्मॉल बिजनेस मॉडल, पर्सनल केयर एंड वेलनेस, टेक्सटाइल एंड अपैरल, केमिकल एंड पॉलीमर, हेल्थकेयर और ग्रेन मिलिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। युवा 5 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इस योजना में 10 प्रतिशत की सब्सिडी भी उपलब्ध है, जो उद्यमियों के लिए एक बड़ी राहत है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि इच्छुक युवा योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन msme.up.gov.in वेबसाइट पर जाकर स्वयं कर सकते हैं। आप किसी भी जन सुविधा केंद्र पर जाकर भी आवेदन करवा सकते हैं। योजना के बारे में अधिक जानक. ारी प्राप्त करने के लिए आप अपने ब्लॉक/तहसील स्तरीय अधिकारियों, नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। हापुड़ में, आप विकास भवन के कमरा नंबर 124 में भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, युवा हेल्पलाइन नंबर 09129987111 पर भी कॉल किया जा सकता है।

### मारपीट करने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव वैट निवासी इमरान अली ने बताया कि उसका अपने भाई से विवाद चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि जिसको लेकर कई बार विवाद हो चुका है। पीड़ित ने बताया कि उसके भतीजे उसके साथ गाली गलौज करते है। पीड़ित ने बताया कि ईद पर वह घर आया तो उसके भतीजों ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर अरोंपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चलती कार की छत पर लेट कर युवक ने बनाई रील, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कार को बुग्गी बना छत पर लेटकर रील बनाने का एक और मामला सामने आया है। इस मामले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। हालांकि पुलिस मामले की जानकारी होने से इंकार कर रही है। वहीं, लोगों ने वीडियो पोस्ट कर पुलिस और यातायात पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

वीडियो में लाल शर्ट पहने व्यक्ति चलती कार की छत पर लेटा है। वह कार के छत पर लेटा दिखाई दे रहा है। वीडियो की बैकग्राउंड में संगीत बज रहा है और आवाज आ रही है कि यह सब गैर कानूनी काम है। इस कृत्य से स्टंट करने वाले खुद के साथ व अन्य लोगों की जान भी खतरे में डाल रहा है। लोगों ने पोस्ट कर वीडियो को लेकर कहा है कि लापरवाही से वाहन चलाने के आए दिन वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। फिर भी लोग प्रसिद्ध होने के लिए अपना चालान तक कटवाने में गुरेज नहीं कर रहे हैं।

### किसान पर किया जानलेवा हमला, पीड़ित ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव लड़पुरा निवासी किसान ने गांव निवासी युवकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी विकास ने बताया कि वह अपने खेत पर काम करने के लिए गया था। वहां पर गांव निवासी युवक ने उसको देखकर गाली गलौज की। पीड़ित ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिजली आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र गांव अजराड़ा के सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही बाधाओं के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कथित लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से गांव अजराड़ा में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप्प है। इस गंभीर समस्या के चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फसलों की सिंचाई रुक गई है, आटा चक्की बंद पड़ी हैं, और हरा चारा काटने वाली मशीनें भी नहीं चल पा रही



हैं, जिससे पशुपालकों को भी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ही विद्युत लाइन पर क्षमता से कई गुना अधिक कनेक्शन दे दिए गए हैं, जिसके कारण आए दिन तारों में स्पार्किंग होती रहती है और तार टूट कर नीचे गिर जाते हैं। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि तारों का बार-बार टूटना जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर कई बार आकर्षित किया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव अजराड़ा में लड़खड़ाती बिजली सप्लाई से गांव वालों को तुरंत निजात दिलाई जाए और सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: अवनीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों की एक बैठक ली।

संगठन के पदाधिकारियों को संबो. धित करते हुए जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने निर्देश दिए हैं कि ब्लॉक स्तर पर जो पदाधिकारी संगठन से जोड़े जा रहा है उन पदा. धिकारियों की सूची उनके मोबाइल नंबर सहित जल्द से जल्द भेजें। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आहवान पर संगठन सृजन अभियान के तहत 100 दिन के भीतर भीतर हम लोगों को बूथ स्तर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को खड़ा करना है।




उन्होंने कहा हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव और जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस की सीधी लड़ाई उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से होने जा रही है। यूपी में कांग्रेस की विधानसभा चुनाव और जिला पंचायत्र चुनाव की तैयारी जोरों पर हैं, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी। अवनीश काजला ने बताया हैं कि उनके नेता नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ही देश में एकमात्र ऐसे नेता हैं जो जनता की लड़ाई को संसद और धरातल पर पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा हैं कि क्षेत्रीय पार्टियों को प्रदेश की जनता ने एक सिरे से नकार दिया है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी IC शर्मा, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, सलमान राणा, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# कोतवाल ने गुम हुए बैग व मोबाइल मालिक को लौटाया

**मौ. हाशिम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित जदीद चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने मानवता की मिसाल पेश की है। चौकी प्रभारी ने एक यात्री का कीमती सामान से भरा बैग गुम हो गया था, जिसे जदीद चौकी प्रभारी की सूझबूझ और तत्परता से उसके मालिक तक सुरक्षित पहुंचा दिया गया। बैग में लगभग 5000 रुपये नकद, आवश्यक दस्तावेज और अन्य सामान मौजूद था।

थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता निवासी जुल्फिकार 9 जून को अपनी ससुराल राजीव विहार में जा रहे थे। ससुराल पहुंचने के बाद वह मयूरी ऑटो से बैग उतारना भूल गए। जब उन्हें बैग के गुम होने का





पता चला तो उन्होंने तुरंत जदीद चौकी पहुंचकर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही जदीद चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ उस स्थान पर पहुंचे जहां यात्री ने मयूरी से सफर किया था। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद मयूरी का नंबर पता लगाया गया। इसके बाद पुलिस ने मयूरी चालक को तलाश कर पूछताछ की। शुरुआत में चालक ने बैग की जानकारी छिपाई, लेकिन पुलिस की सख्ती के बाद उसने बैग की मौजूदगी स्वीकार की। बैग से सारा सामान सुरक्षित बरामद कर लिया गया और उसे उसके वास्तविक मालिक जुल्फिकार को सुपुर्द कर दिया गया। वही बैग वापस मिलने पर जुल्फिकार ने चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार व उनकी टीम का धन्यवाद किया व उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता और ईमानदारी को सराहा है। **वही दूसरी और,** थाना बहादुरगढ़ प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने गश्त के दौरान मिले एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन को उसके असली मालिक को लौटाकर एक मिसाल कायम की है।

# बस में तोडफोड व मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने हाईवे पर बस में तोडफोड कर बस स्टाफ के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि हाईवे पर बस में तोडफोड कर बस स्टाफ के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपी मुसाहिद पुत्र शाहिद निवासी ग्राम वैट थाना सिम्भावली, नासिर पुत्र तरीकत निवासी ग्राम सरुरपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर और तौहीद पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम सरुरपुर थाना गढ़मुक्तेश्वर को गांव सरुरपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में वांछित चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सरुरपुर में ठीक हो रही बस में तोड़फोड़ करने वाले कार सवार बदमाशों ने मिस्त्री को सूएं से हमला कर घायल कर दिया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि सिंभावली के गांव वैट निवासी सलमान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि वह गढ़ के गांव सरुरपुर में बसों को ठीक कराने की दुकान करता है। उसकी दुकान पर एक बस का चालक बस लेकर आया और इंजन में खराबी बताने लगा। पीड़ित उसकी बस को ठीक करने लगा। तभी गांव वैट निवासी मुसाईद, सरुरपुर निवासी तोहिद, नासिर अन्य के साथ कार में सवार होकर आए और बस में तोड़फोड़ करने लगे। पीड़ित ने उनको ऐसा करने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी पिटाई करते हुए सुंए से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया है। वही दूसरी और, सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर निवासी महिला ने पति पर बेटे का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी फरजाना ने बताया कि उसकी शादी क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई है। लेकिन पति से अनबन होने के कारण काफी समय से वह अपने पिता के घर में रह रही है। उसके बाद उसका बेटा अलीसान व बेटी सानिया रह रहे है। पीड़िता ने बताया कि उसका बेटा अलीसान पड़ोस के कुछ बच्चो के साथ मार्किट में से कुछ सामान लेने गया था।

# हरिपुर आवासीय योजना को मिली रफ्तार, किसानों को मिला 12 करोड़ का मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित और महत्वाकांक्षी हरिपुर आवासीय योजना ने अपने पहले ऐतिहासिक कदम के रूप में पहली रजिस्ट्री पूरी कर ली है।

इस महत्वपूर्ण प्रगति के तहत ग्राम चकसैनपुर ॐ बाबूगढ़ के चार किसान गजब सिंह, महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह और सोमपाल सिंह को उनकी भूमि के एवज में 12 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि के चेक प्रदान किए गए। यह रजिस्ट्री न केवल इस नई योजना की धरातलीय शुरुआत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि प्राधिकरण लगभग 20 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद किसी नई आवासीय योजना की नींव रख रहा है। यह योजना मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत



विकसित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य हापुड़ को स्मार्ट, पर्यावरणीय और नागरिक-केंद्रित शहरी स्वरूप में ढालना है। प्राधिकरण अध्यक्ष एवं मेरठ मंडल के आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद तथा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ के मार्गदर्शन में इस परियोजना को चरणबद्ध ढंग से लागू किया जा रहा है। इस योजना को जून 2024 में मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में आयोजित 70वीं बोर्ड बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी। योजना के तहत लगभग 22 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है, जो कि ग्राम चकसैनपुर उर्फ बाबूगढ़ में स्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत किसानों को उनके सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। भूमि क्रय की कुल लागत 145.47 करोड़ निर्धारित की गई है, जिसमें से 72. 735 करोड़ की धनराशि शासन द्वारा पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। इसमें से 70 करोड़ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। शेष धनराशि भी शीघ्र ही प्राधिकरण को प्रदान की जाएगी। हरिपुर आवासीय योजना को वर्ष 2024 में प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य हापुड़ ही नहीं बल्कि एनसीआर क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक, सुरक्षित और सुनियोजित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना को चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा ताकि प्रत्येक कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके। यह योजना हापुड़ ही नहीं, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए एक शहरी विकास की मिसाल बनेगी। इसके माध्यम से आमजन को एक सुरक्षित, समृद्ध और टिकाऊ जीवनशैली का अवसर प्राप्त होगा।

# राजपूतों के उत्थान के लिए चौसाना में महापंचायत का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांव जिजोला में मास्टर राव नाजिम के आवास पर राजपूत वेलफेयर एसो. शिएशन के राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तार अपनी टीम के साथ पहुंचे और संगठन को आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम राजपूतों में नई नई रस्में जन्म ले चुकी हैं जिनसे राजपूत समाज को काफी नुकसान हो रहा है। राव अब्दुल सत्तार ने कहा कि समाज से बुराई खत्म करना और रस्मों रिवाज पर रोक लगाकर बच्चों को अच्छी तालीम की रगबत दिलाना है।

इसी पर संगठन काम भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजपूत बिरादरी में चल रही रस्मों पर रोक लगाना आवश्यक है। 22 जून को चौसाना में एक मुस्लिम राजपूत



महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

इस महापंचायत में राजपूत समाज के लोगों को एकजुट कर समाज में फैली बुराइयों पर चर्चा की जाएगी और इन पर रोक लगाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के जिम्मेदार ग्रामीण मौजूद रहे नवाब राणा, नाजिम राणा, जमीर राणा, मशकूर, मौलाना आकिल, कारी इरशाद, कारी आरिफ, हामिद, शादाब चौहान, गुलबहार राव, कारी जावेद, सद्दाम, रिफाकत, रागिब राणा, मुजम्मिल एडवोकेट, तसव्वर अली चौहान एडवोकेट, मुबारिक प्रधान चौसाना, मौलवी इंतजार, नाजिम ठेकेदार, नाजिम बाबू प्रधान धानवा, उस्मान, इकराम, हाजी इरशाद, कारी नसीम आदि ग्रामीण मौजूद रहे। राजपूत वेलफेयर एसोशिएशन के राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तार ने कहा कि महापंचायत का आयोजन राजपूत समाज के उत्थान के लिए किया जा रहा है। इस महापंचायत में राजपूत समाज के लोगों को एकजुट कर समाज में फैली बुराइयों पर चर्चा की जाएगी और इन पर रोक लगाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

## विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी फैसल पुत्र मौ. सलीम से यूके भेजने के नाम पर दो शातिर एजेंटों ने न सिर्फ 50 हजार रुपए की ठगी की, बल्कि अब जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि पीड़ित द्वारा पूरे सबूत देने के बावजूद अफजलगढ़ पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पीड़ित फैसल ने बताया कि करीब सात महीने पहले अफजलगढ़ कस्बे के पारस पब्लिक स्कूल के सामने स्थित एक एजेंसी ऑफिस में अमन विर्क और जसपाल नामक युवक मिले। दोनों ने खुद को यूके भेजने वाला एजेंट बताते हुए फैसल को भरोसे में लिया और कहा कि स्टडी वीजा के जरिए वह जल्द ही विदेश पहुंच जाएगा। भरोसा दिलाकर दोनों एजेंटों ने फैसल से उसका पासपोर्ट और 50,000 रुपए ले लिए, जो उसने ब्याज पर लेकर इकट्ठे किए थे। फैसल का कहना है कि एजेंटों के झांसे में आकर उसने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी थी। धोखा और धमकी काफी महीनों तक झांसा देने के बाद दोनों एजेंटों ने पासपोर्ट तो

# शिवपुरी मंदिर के जीर्णोद्धार में रुकावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** कस्बे के मोहल्ला शिवपुरी में स्थित प्राचीन शिव मंडल शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य रुकने से भक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर का नामकरण इस क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक महत्व को दर्शाता है, लेकिन पिछले कुछ समय से मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में विवाद उत्पन्न हो गया है।

मोहल्ले के निवासियों ने जिलाधिकारी शामली को एक प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि मंदिर की स्थिति खराब हो गई थी और इस कारण हादसे का खतरा उत्पन्न हो गया था। इस स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने चंदा एकत्र करके मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया, ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो।हालांकि, मंदिर के पश्चिमी हिस्से में रहने वाले अनुराग अरोड़ा ने मंदिर के निर्माण कार्य में अवरोध डाला है।

उन्होंने न्यायालय में असत्य तथ्यों के आधार पर वाद दायर किया और अस्थाई रूप से स्टे प्राप्त कर लिया, जिससे मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को रुकवाना पड़ा। इस विवाद के कारण पिछले छह महीनों से मंदिर में पूजा-अर्चना, ध्यान, और यज्ञ जैसी धार्मिक गति. विधियां रुक गई हैं, जिससे क्षेत्र के भक्तों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी और सर्दी के मौसम में भी भक्तों को मंदिर के प्रांगण में पूजा-पाठ से वंचित होना पड़ रहा है।मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस का समाधान करने की अपील की है ताकि धार्मिक कार्य फिर से सुचारू रूप से चल सकें और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

# कांशीराम आवासों में नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी अनुसचित जाति प्रकोष्ठ ने बनत में काशीराम आवासों में निवास कर रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की डीएम से मांग की है। जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष सलेकचंद प्रधान ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कस्बा बनत के मौहल्ला रैदासपुरी में स्थित कांशीराम आवा. सों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उक्त आवासों में सैंकडों अनुसूचित जाति वं अन्य निर्धन वर्ग के परिवारों को बिजली, पानी एवं शौचालयों की सुविधाएं मुहैया नहीं है, लोगों को कूडे के ढेर एवं गंदगी के बीच रहना पड रहा है। काशीराम आवास में रहने वाले लोगों का कहना है कि उन्हें पहले बिजली एवं पानी की सुविधा मिल रही थी लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। आवासों में शौचालय तो बने हैं लेकिन उनके



पाइप बंद है, ऐसे में वहां के लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड रहा है, गंदगी में रहने के कारण वहां महामारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में काशीराम आवासों में बिजली, पानी व शौचालयों की सुविधाएं नहीं मिली तो कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर छात्र सभा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी आदि भी मौजूद थे।

# फरार आरोपी की सुप्रीम कोर्ट से जमानत खारिज, सरेंडर के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा के पूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह के भाई पर जानलेवा हमले करने के मामले में पांचों आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं व पिछले करीब तीन महीने से बादस्तूर फरार चल रहे हैं। मामले में पुलिस द्वारा न्यायालय कैराना के आदेश पर नोटिस भी चस्पा किए गए थे। जिसके बाद आरोपी पक्ष जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा परंतु यहां से भी जमानत याचिका खारिज कर दी गई यही नहीं आरो. पियों को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर होने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि थाना थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा में करीब तीन महीने पहले पूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह के छोटे भाई परमवीर सिंह पर 14 मार्च को गांव के पांच लोगों हिमांशु, दीपांशु, सीमांत, शिवकुमार और उदयसिंह ने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें परमवीर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी उपचार के बाद जान बामुश्किल बची थी। पूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह ने बताया कि भाई पर जानलेवा हमला करने वालों में से शिवकुमार पुत्र करेशन की लोअर कोर्ट कैराना, हाई कोर्ट इलाहाबाद और अब सुप्रीम कोर्ट दिल्ली से जमानत खारिज हो चुकी है ए लोग जेल जाने से बचने के लिए कोशिशों में लगे हुए हैं और पिछले करीब तीन महीने से फरार चल रहे हैं। इसके साथ ही पीड़ित पक्ष पर फैंसला करने और मुकदमा वापिस लेने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया रहे हैं। ऐसा नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। बताया कि उन्हें आशंका हैं। फरारी के दौरान इनकी शादी हुई और इनके मददगार कुछ लोग उसमें शामिल भी हुए। फरारी के दौरान शादी होना सिस्टम पर अपने आप में एक सवालिया निशान है।

## एक नजर

### मंदिर के जीर्णोद्धार में व्यवधान पैदा करने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा गढीपुख्ता के निवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कस्बे के मौहल्ला शिवपुरी में एक प्राचीन शिव मंडल शिव मंदिर स्थित है। मंदिर का लैंटर जीर्ण होने के कारण कस्बेवासियों द्वारा चंदा एकत्र कर मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया था लेकिन मंदिर के निकट रहने वाले एक व्यक्ति ने मंदिर कार्य में व्यवधान डालना शुरू कर दिया है। उसने गलत तथ्य प्रस्तुत कर कैराना न्यायालय में वाद दायर कर अस्थाई रूप से स्टे लेकर मंदिर का निर्माण कार्य रुकवा दिया है जिस कारण पिछले 6 महीनों से श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है, श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना व अन्य कार्य से वंचित हो गए हैं। उन्होंने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर विकास, राहुल, विकास, अशोक सोनी, नरेश चंद, नारद गोयल, सुनील, चौ। नरेन्द्र कुमार, राहुल, राजुल, ऋषिपाल, कृष्णपाल सिंह, नीरज त्यागी आदि भी मौजूद थे।

### भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुसीबत, नलों में पानी आना बंद

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचे पारे ने जहां लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है, वहीं सबमर्सिबल मोटरें और नल व्यवस्था ठप होने से पानी का संकट गहरा गया है। इसके साथ ही लू और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नगर निवासी मलिक, सलाउद्दीन साहिल, दिलशाद, सलाउद्दीन अंसारी और शरीफ अहमद ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से सबमर्सिबल पंपों ने काम करना बंद कर दिया है। कई घरों में दो-दो दिन से नलों में पानी की एक बूंद नहीं आई है। लोग पानी की तलाश में यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि नगर पालिका की टंकी से जुड़े कुछ घरों में ही पानी पहुंच रहा है। जिनके घरों में निजी सबमर्सिबल या मोटर हैं, वहां मोटरों ने गर्मी के चलते जवाब दे दिया है। जिससे नगर के अधिकांश इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महिलाएं और बच्चे परेशान हो रहे हैं। मौहल्लों में महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर देखा जा रहा है। कई परिवारों को पानी भरने के लिए सुबह चार बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि इस हीटवेव से बचे।

### दूध नापने वाले मग्गों में भारी धांधली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में दूध विक्रेताओं द्वारा दूध नापने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मग्गों (माप बर्तनों) में भारी धांधली सामने आ रही है। उपभोक्ताओं को एक लीटर के नाम पर 800 से 900 मिलीलीटर ही दूध दिया जा रहा है जबकि पूरा मूल्य वसूला जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कई दूध विक्रेता छोटे मग्गे बनवाकर उन्हें एक लीटर का बताकर बेच रहे हैं। इस तरह रोजाना सैकड़ों ग्राहकों को कम दूध देकर ठगा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दूध मापने वाले बर्तनों की नियमित जांच हो और दोषी विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए।

लोगों की प्रशासन से मांग है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इस तरह की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि नाप-तौल विभाग को अचानक चेकिंग कर दूध विक्रेताओं की माप का परीक्षण करना चाहिए। जनता से अपील की जा रही है कि वे दूध लेते समय माप का ध्यान रखें और शक होने पर इलेक्ट्रॉनिक मापक से खुद जांच करें या प्रशासन को सूचना दें। दूध नापने वाले मग्गों को बनाने वालों ने अपनी बिक्री और ज्यादा करने के लिए उनका साइज छोटा कर दिया गया है और दूध बेचने वाले उन्हीं को खरीदते हैं ताकि बेइमानी और धोखाधड़ी करके वह ज्यादा मुनाफा कमा सके।



शामली। ज्येष्ठ माह के अवसर पर भंडारा वितरित करते मंत्री सुरेश राणा व सीडीओ।

# ज्येष्ठ माह के पंचम बडे मंगल पर हनुमान धाम पर भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर ज्येष्ठ माह के पंचम बडे मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व मंत्री सुरेश राणा व सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने भी भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

जानकारी के अनुसार शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर ज्एष्ठ माह के पंचम बडे मंगल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे हवन पूजन आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। दोपहर 1 बजे मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने भी मंदिर पहुंचकर बाबा बजरग बली की पूजा व दर्शन किए। वहीं सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि मंगलवार का भंडारा करने से बड़ा पुनीत फल मिलता है और सभी का कल्याण होता है, मुझे भी भंडारे में सेवा करने का सौभाग्य मिला है। बाद में पूर्व मंत्री व सीडीओ ने भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, अरूण बंसल,मानस संगल, अमित विश्वकर्मा, पुनीत द्विवेदी, दिनेश भारद्वाज, रमेश धीमान, संजीव वर्मा, रजनीश शर्मा, राकेश शर्मा, सुभाष, सूरज चौधरी, रवि संगल, अमित प्रजापति, शिवम गिरी, प्रमोद नामदेव आदि भी मौजूद थे।

# पानी की लाइन लीकेज होने के कारण कई घंटे ठप रही जलापूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के नौकुआं रोड पर पानी की पाइप लाइन लीकेज के चलते मंगलवार को शहर की जलापूर्ति एक बार फिर कई घंटे बाधित रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। हैंडपंपों पर लोगों की भीड लगी रही। शाम करीब चार बजे जलापूर्ति बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन पूर्व शहर के नौकुआं रोड पर आईजीएल कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन के लिए खोदे जा रहे ग्ढे के कारण पानी की पाइन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिस कारण लगभग पूरे शहर की जलापूर्ति ठप्प हो गई थी। पानी न आने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा था। लगभग 17 घंटे की कडी मशक्कत के बाद आपूर्ति प्रारंभ हुई थी लेकिन अगले ही दिन पाइप लाइन से फिर लीकेज होने शुरू हो गई थी, ईद का त्यौहार होने के कारण लीकेज बंद करने का काम नहीं हो पाया था।

मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारी लीकेज की मरम्मत करने के लिए पहुंचे जिस कारण एक बार फिर शहर की जलापूर्ति ठप्प हो





गई। पानी न आने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा, मौहल्लों में लगे हैंडपंपों पर लोगों की अच्छी खासी भीड लगी रही। शाम लगभग 4 बजे लीकेज ठीक होने के बाद जलापूर्ति सुचारू होने पर नागरिकों ने राहत की सांस ली।

# एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



## साक्षी चौधरी प्रथम व परिक्रमा दूसरे स्थान पर रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में साक्षी चौधरी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, परिक्रमा ने 75.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अक्षिका ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालयों में समर कैंप का समापन

**नहटौर।** विकास खंड क्षेत्र के 63 विद्यालयों में जिसमें 30 कंपोजिट विद्यालय तथा 33 पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार संचालित समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नहटौर के कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी के संविलियन विद्यालय में बच्चों ने कार्यक्रम आयोजित किए।

नहटौर कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी संविलियन विद्यालय में समर कैंप का समापन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। साथ ही इसके अलावा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें लोकगीत डांस भाषण गीत आदि की प्रस्तुति की। समर कैंप में तीन छात्रों को जिसमे नमरा कक्षा 6, जोया कक्षा 7 एवं ताशु शर्मा कक्षा 8 को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कश्मीरी में पवनलता व चंचल कुमारी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। नहटौर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षामित्र पूनम सैनी, सविता सैनी, को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में सरकारी विद्यालयों में जितना अध्यापकों द्वारा मेहनत की जा रही है। प्राइवेट विद्यालयों से सरकारी विद्यालय किसी भी स्तर पर काम नहीं है। साथ ही इन विद्यालय में प्राइवेट विद्यालयों की तरह स्मार्ट क्लास पुस्तकालय आईसीटी लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध है।

# किसानों के लिए तालाब खुदवाने का अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि जनपद शामली को वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर ड्राप मोर क्राप उपघटक अदर इंटवेंशन योजना अन्तर्गत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना में कुल 16 खेत तालाबों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमे सामान्य प्रकार के 10 खेत तालाब एवं पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषको के 6 खेत तालाब है। सामान्य प्रकार के 10 खेत तालाबों में 9 सामान्य जाति एवं एक खेत तालाब अनुसूचित जाति एवं पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषकों के 6 खेत तालाब सामान्य जाति का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर जो भी किसान भाई योजना का लाभ लेना चाहते है वें सभी किसान भाई विभागीय दर्शन पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत ष खेत तालाब हेतु बुकिंगष लिंक पर जाकर क्लिक कर बुकिंग / टोकन जनरेट कर सकेगें।

वर्तमान में उक्त पॉर्टल पर बुा. कंग की प्रक्रिया बल रही है। किसान भाई अधिक जानकारी के लिए कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, रेलपार शौर्या गार्डन गली नं0-2 मे राधेश्याम, अवर अभियन्ता मो.नं.-9410062664 तथा रोबिन कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-1 मो.नं. -9729027331 से सम्पर्क कर सकते हैं।

इच्छुक कृषक आवेदन हेतु ऑनलाईन टोकन जनरेट करने के उपरान्त 10 दिवस के अन्दर आनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से टोकन धनराशि रु. 1000 एवं खेत तालाब हेतु बिल अपलोड कर सकते हैं। टोकन धनराशि-1000 रु., खेत तालाब योजना की कुल लागत 1,05,000 रु. अनुदान-50 प्रतिशत रहेगा। पूर्व में सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषक कृषि विभाग के पॉर्टल पर सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित किए जाने के साक्ष्य के साथ पंजीकरण करेंगे। सामान्य प्रकार के लाभार्थी को खेत तालाब योजना का लाभ लेने हेतु पहले उधान विभाग की साइट पर पंजीकरण कराते हुए त्रिपक्षीय समझौता के अन्तर्गत सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करवानी आवश्यक होगी। ऐसे लाभार्थी जिन्होने पंजीकरण तिथि तक उधान विभाग के माध्यम से सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित कर लिया है एवं खेत तालाब योजना के अन्तर्गत तालाब निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया है, को पम्पसेट (डीजल एवं इलेक्ट्रिक) पर 50 प्रतिशत अथवा रु. 15000 जो कम हो का अनुदान दिया जाएगा।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।



मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है।

उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइन-अप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लुंगी का रिकॉर्ड भी बेहतर है वह पैटो से कुछ भी कम नहीं है। उसके पास अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबाजी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। ब्यू वेबस्टर ने एकादश में अपना स्थान बरकरार रखा है उसे मध्यम गति गेंदबाज के रूप में और स्पिनर के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रोहित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

# तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांडे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

### राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**त्रिनिदाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों का बेजोड़ जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और साथियों को, मेरे साथ इस सफ़र पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस सब से ऊपर उठाया। भले ही मेरे करियर का यह अंतर्राष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया हो, लेकिन वेस्टइंडीज़ क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम की सफलता के अलावा कुछ नहीं चाहता।

**■ कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है, जिसे मैं हमेशा दिल के करीब रखूंगा**

पूरन ने 167 बार वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें एकदिवसीय मैचों में 99-15 की स्ट्राइक रेट से 39-66 की औसत से 1983 रन बनाए और 136-39 की स्ट्राइक रेट से 2275 टी20 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। पूरन ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में अंतर्राष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था, इसके ठीक तीन साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप 2019 टीम में शामिल किया गया। उन्हें वर्ष 2022 में वेस्टइंडीज का सफेद गेंद कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उसी साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप में विंडीज के लचर प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने को तैयार: हरमनप्रीत

### टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है



**एम्स्टर्डम, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़



**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 11 जून 2025

## कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमे. रिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

### सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लाप. रवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनी. तिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

-ममता बनर्जी

मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते हैं? नदियां जल का स्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण में नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, वृन्दावन, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजा. रियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेगा। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचाने है की भावना को अंग. िकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झाड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण वह सहायक नदियां नालों या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्वी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मौरगंज में खड़िया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफिकेशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को बहने में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों को पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**

उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मंच स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन, एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेंगे। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

-साभार डीटी

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास





योगेश कुमार गोयल

**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मैंने मीठा मंग. वाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली



**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।

पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्निया: पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों और अपराधियों का नेता मानते हैं।

### नेतन्याहू बोले: इसमें कोई बुराई नहीं

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर

## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफ्रीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा। इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)